राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 स्टाइलिश बॉडीकॉन आउटफिट पहने...



नए साल पर सकारात्मक सोच के... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 302, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु ठिकानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी, एमईए ने दी जानकारी

नई दिल्ली ,02 जनवरी ( आरएनएस )। भारत और पाकिस्तान ने एक बार फिर परमाणु सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बुधवार को एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची सौंपी। यह दोनों देशों के बीच एक लंबे



समय से चली आ रही परंपरा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के तहत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों के बीच 1991 से लागू है और इसके तहत दोनों देश हर साल जनवरी में एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची देते हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और शांतिपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालांकि, दोनों देशों के बीच कई मुद्दे अभी भी बाकी हैं जिन पर बातचीत की जरूरत है।

### बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन, शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा

**पटना (आरएनएस)।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस क्रम में उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है। लोग उनसे मिलकर नए वर्ष और जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद के विधायक मुकेश रौशन पहुंचे और उन्हें नए साल एवं जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। राजद विधायक ने कहा कि उन्होंने राबड़ी देवी को जन्मदिन और नए वर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। दावा करते हुए उन्होंने कहा कि 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी।इसके अलावा भी बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पहुंच रहे हैं और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर मिठाईयां भी बांटी जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव ने भी पत्नी की शुभकामनाएं दी हैं। उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं हमने दे दी हैं। राबड़ी देवी का जन्म 1955 में गोपालगंज में हुआ था। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी 25 जुलाई 1997 को बिहार की मुख्यमंत्री उस समय बनी जब बहुचर्चित चारा घोटाला मामले में उनके पति को जेल जाना पड़ा था। राबड़ी देवी ने तीन कार्यकाल में मुख्यमंत्री पद सम्भाला। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल सिर्फ 2 साल का रहा।



# श्रीलंका ने रिहा किए 20 भारतीय मछुआरे, स्वदेश लौटे

**चेन्नई (आरएनएस)।** श्रीलंका की जेलों से रिहा किए गए 20 भारतीय मछुआरे विमान से चेन्नई पहुंच गए हैं। मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था। वे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई, रामनाथपुरम और तूतूकुड़ी जिलों के निवासी हैं और श्रीलंका की जेलों में थे।

भारत और श्रीलंका सरकार के बीच बातचीत के बाद श्रीलंका ने 20 मछुआरों को रिहा कर दिया। उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद मछुआरों को कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे पर ले जाया गया।

चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा। इसके बाद मत्स्य विभाग के



अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें अलग-अलग वाहनों से उनके गृहनगर पहुंचाने की व्यवस्था की। ज्ञात हो कि तमिलनाडु के मछुआरा संघ राज्य के मछुआरों की नियमित गिरफ्तारी के बाद तटीय जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया है कि वे हस्तक्षेप करें और बीच समुद्र में मशीनी नावों की जब्ती और गिरफ्तारी को रोकें, जो मछुआरों की आजीविका की रीढ़ हैं। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में इस मुद्दे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके से बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की बार-बार गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया।

पीएमके अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास ने भी भारतीय मछुआरों की और अधिक गिरफ्तारियां रोकने के लिए केंद्र से कड़े हस्तक्षेप की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के 504 भारतीय मछुआरे श्रीलंकाई अधिकारियों की हिरासत में हैं। करीब 48 मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नावें भी श्रीलंकाई अधिकारियों के कब्जे में हैं।

## लालू के खुले ऑफर के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा, हम एनडीए में मजबूती से हैं

**पटना (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आने के खुले ऑफर दिए जाने के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गयी है। हालांकि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राजद अध्यक्ष के इस बयान से इत्तेफाक नहीं रखते हुए कहा कि आप लोग पूछते रहते हैं, वह इस कारण बोल दिए होंगे। इधर, जदयू के नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का भी कहना है कि हम लोग एनडीए में हैं। दरअसल, राजद के अध्यक्ष ने अपने एक साक्षात्कार में कहा कि नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को हम माफ कर देंगे। उनके साथ मिलकर एक बार फिर से काम करेंगे। लालू यादव के इस बयान को लेकर प्रदेश की सियासत में चर्चा का बाजार गर्म है। इस बीच, जब बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव से इस बयान को लेकर जब पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा, आप लोग पूछते रहते हैं, इस कारण आप लोगो को ठंडा (शांत) करने के लिए बोल दिए होंगे।



## नए साल की पहली कैबिनेट मीटिंग में किसानों को तोहफा, खाद पर मिलेगी अब ज्यादा सब्सिडी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए साल के आगमन पर मोदी सरकार ने किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। सरकार की इस साल की पहली कैबिनेट मीटिंग में किसानों के हित में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिससे किसानों को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है। सरकार ने डीएपी (डायऑक्साइड अमोनियम फॉस्फेट) उर्वरक पर अधिक सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत डीएपी उत्पादन करने वाली कंपनियों के लिए विशेष पैकेज को स्वीकृति दी गई है। इससे किसानों को छक्क उर्वरक की खरीद पर अधिक सब्सिडी प्राप्त होगी, जिससे उन्हें खाद की कीमतों में राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, डीएपी उत्पादक कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी के साथ-साथ सरकार वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। यह पहल किसानों को उर्वरक की उच्च कीमत चुकाने से मुक्त करेगी और कृषि लागत में कमी लाने में मदद करेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से कृषि क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि और किसानों की आय में सुधार की उम्मीद है।

मोदी सरकार की यह नीति किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसानों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे उनके लिए एक बड़ा तोहफा बताया है।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले नीतीश के मंत्री को ऑटो ने मारी टक्कर,4 बॉडीगार्ड भी घायल

**सहरसा (आरएनएस)।** बिहार के सहरसा जिले में 1 जनवरी की सुबह मंत्री रत्नेश सदा को एक ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस हादसे में रत्नेश सदा सहित उनके चार बॉडीगार्डों को चोटें आई हैं। सभी घायल सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।



रत्नेश सदा, जो कि मद्य निषेध विभाग के मंत्री हैं, अपने पैतृक गांव लौटने के बाद सुबह के समय अपने बॉडीगार्ड के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनके वाहन को रौंद दिया। इस टक्कर में मंत्री रत्नेश सदा और उनके चार बॉडीगार्ड घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत पहले से बेहतर है। रत्नेश सदा का इलाज सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस जांच में लगा हुआ है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद, जहरीला कचरा पीथमपुर डंपिंग साइट पर शिफ्ट

**भोपाल (आरएनएस)।** भोपाल के यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) परिसर में पिछले 40 वर्षों से पड़े जहरीले कचरे को आखिरकार इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर धार जिले के पथमपुर डंपिंग साइट पर शिफ्ट कर दिया गया।

भोपाल से देर रात प्रशासन और पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 12 कंटेनर ट्रकों में लगभग 337 मीट्रिक टन रासायनिक अपशिष्ट पीथमपुर के लिए रवाना हुआ।



यूसीआईएल और पीथमपुर के बीच लगभग 250 किलोमीटर की दूरी को कवर करने के लिए एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। 2 -3 दिसंबर 1984 की रात भोपाल में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक फैक्ट्री से अत्यधिक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट लीक हुई थी। जिससे करीब 5,479 लोगों की मौत हो गई थी। हजारों लोगों लंबे वक्त तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझते रहे। इसे दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 3 दिसंबर को जहरीले पदार्थ को स्थानांतरित करने के लिए चार सप्ताह की समय-सीमा तय की थी और कहा था कि गैस त्रासदी के 40 साल बाद भी अधिकारी निष्क्रियता की स्थिति में हैं। न्यायालय ने सरकार को चेतावनी दी थी कि यदि उसके निर्देश का पालन नहीं किया गया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाएगी।





**आत्मसमर्पण** | देवेंद्र फडणवीस सरकार के प्रयासों को पीएम मोदी ने सराहा

# गढ़चिरौली में माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ देवेंद्र फडणवीस की सरकार एक्शन मोड में है। गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने नए साल के पहले दिन आत्मसमर्पण कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों का फल बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मैं महाराष्ट्र सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे निश्चित रूप से जीवन की सुगमता बढ़ेगी और और भी अधिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। गढ़चिरौली और आस-पास के क्षेत्रों के मेरे बहनों और भाइयों को विशेष बधाई। इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर कहा, गढ़चिरौली में माओवादियों का प्रभाव था। यहां माओवादियों के प्रभाव को खत्म कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला रास्ता और पुल तैयार किया गया है। यहां पर 75 साल बाद लोगों को एसटी बस देखने को मिलेगी।



नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन पर उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली में अब नए लोग माओवादियों के संगठन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जल्द ही राज्य नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हम लोगों ने इस ओर कदम बढ़ा दिया है। गढ़चिरौली ऐसा पहला जिला बना दिया गया है जहां माओवादियों का प्रभाव खत्म हो गया है।

सीएम ने गढ़चिरौली में नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस की कोशिशों को सराहा। बोले, यहां पर लोग अब नक्सलवाद का समर्थन नहीं करते हैं। पुलिस की वजह से यहां पर अब कोई माओवादियों के संगठन में शामिल नहीं होना चाहता है।

उन्होंने कहा, पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गढ़चिरौली में बीत चार वर्षों में माओवादी एक भी शख्स को अपने संगठन में नहीं जोड़ पाए हैं। जो इस संगठन में थे वह भी आत्मसमर्पण कर मुख्याधारा से खुद को जोड़ रहे हैं।

# छात्राओं ने बेटी बचाओ रैली निकाली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद** । क्षेत्र के अमर सिंह इंटर कालेज लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत गांव मूढ़ीबकापुर सचिवालय परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी निरंजनलाल शर्मा व प्रधानाचार्य जेबी सिंह ने मां सरस्वती चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर समाजसेवी ने कहा कि चरित्र का पालन करने वाले ही छात्र छात्राएं आगे चलकर तरक्की करते हैं।

गांव मूढ़ीबकापुर सचिवालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ करते समाजसेवी निरंजनलाल शर्मा व प्रधानाचार्य जेबी सिंह ने कहा कि स्वयं सेवक और सेविकाओं को अनुशासन में रहकर ही आगे बढ़ना चाहिये। सभी छात्र छाओं को अपने माता पिता द्वारा दी गई आज्ञा का पालन करना चाहिये और उनकी सदैव सेवा करनी चाहिये। छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करना चाहिये। परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रमेश चंद पांडेय ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय स्वयं सेवक इकाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयं सेवकों ने बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओ के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये रैली निकाली। रैली सचिवालय से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः सचिवालय पर ही आकर संपन्न हो गई। तीसरे सत्र में स्वयं सेवकों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा योजना अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों और स्वयं सेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में कल्पना, पारूल, शिवानी, निकिता, साक्षी, दीपशिखा, अनु सैनी, लवी, प्रशांत, प्रयांशु, दीपेश, दीपक आदि स्वयं सेवकों ने शिविर में भाग लिया।




# छात्राओं को स्वेटर व जूते मौजे का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** नववर्ष के अवसर पर जीडीएवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुषमा वर्मा द्वारा छात्राओं को स्वेटर व जूते मौजे का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या सुषमा वर्मा तथा सचालन संध्या अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक नरेश चंद अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि सुनील गुप्ता राजकुमार सर्राफ अशोक कुमार मोहित गर्ग रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व पुष्प माला अर्पित कर किया। प्रधानाचार्या सुषमा वर्मा ने बताया कि 83छात्राओं को स्वेटर तथा 48 छात्राओं को जूते मौजे प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर विद्यालय की पुरातन छात्रा अंतु अक्षय गर्ग पुत्री सेवक चंद गुप्ता जो इस समय ऑस्ट्रेलिया में हैं उनके द्वारा विधालय की मेधावी छात्राओं कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रा कु0इल्मा सैफी व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा कु0वंशिका यादव कक्षा12में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रा कु0 मोनिका शर्मा व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा कु0 खुशी प्रत्येक को 2500रुपए के चैक प्रदान किये गए। कार्यक्रम के दौरान सावित्री देवी कुमारी प्रीति सक्सेना मोनिका सुमन मिश्रा बिंदिया शर्मा विभारती चैहान पूजा उपाध्याय गीता देवी आदि शिक्षिकाएं व समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।



# 02 शातिर चोर प्रशांत ओर जुनेद गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** थाना स्याना पुलिस द्वारा थल तिराहे के पास से 02 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैंबरामदगी का विवरण 1.01 मोबाइल फोन 2.02 साडी 3.462 रुपये 4.01 डीवीआर गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 03.12.2024 की रात्रि में थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत मौ0 नन्दपुरी स्थित एक मकान में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्याना पर मुअसं- 544/24 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 15.12.2024 की रात्रि में थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत सब्जी मंडी में 01 दुकान में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्याना पर मुअसं- 562/24 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत है।



# ठंड से बचने के लिए बड़ी संख्या में गर्म चादरें व गर्म कैप का निःशुल्क वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (बुलंदशहर)।** रोटरी क्लब ऑफ न्यू गाजियाबाद द्वारा ग्राम बेरा फिरोजपुर में नववर्ष के उपलक्ष पर ठंड से बचने के लिए बड़ी संख्या में गर्म चादरें व गर्म कैप का निशुल्क वितरण किया गया। क्लब के सचिव गौरव त्यागी के अथक प्रयास से ग्राम बेरा फिरोजपुर में एक भव्य समारोह में हजारों की संख्या में वृद्ध ,महिलाएं तथा दिव्यांगों को कड़क ठंड से बचने के लिए निशुल्क कंबल आदि वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि गजेंद्र सिंह जिलाधिकारी सियाना तहसील उपस्थित रहे। अध्यक्षता एन. ए . बर्नी तथा संचालन बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी के अध्यक्ष खेमराज सिंह त्यागी एडवोकेट ने किया। क्लब के सचिव गौरव त्यागी ने कहा कि मानव सेवा, निस्वार्थ सेवा ही विश्व का सर्वोपरि धर्म है। जो बिना किसी भेदभाव के उचित पत्रों को लाभान्वित करता है। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए प्रिया त्यागी एडवोकेट ने ग्राम वेराफिरोजपुर में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम व्यवस्था में विशेष योगदान प्रदान किया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन सियाना की एल्डर कमेटी के सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज त्यागी ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार बालेश्वर शर्मा, जाकिर उल हक एडवोकेट, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी, कैलाश चंद लोधी सचिव बार, सुखबीर सिंह पहलवान, विजय लोधी सांसद प्रतिनिधि, दुष्यंत शर्मा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।





# पालिका परिषद के कर्मचारी को सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** समाज सेवा समिति अराजनीतिक द्वारा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी को सम्मानित किया गया। नगर स्थित अग्रवाल धर्मशाला के सभागार में नववर्ष के उपलक्ष में समाज सेवा समिति ने नगर पालिका के कर्मचारियों को अंग वस्त्र सॉल उड़ाकर सम्मानित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका गोविंद अग्रवाल राहुल वाल्मीकि दीपांशु गर्ग पराग गर्ग पूर्व सभासद चंचल शर्मा पूर्व सभासद भारत वर्मा प्रसन्न वार्ष्णेय अंकुर सरदार राजू अग्रवाल पीयूष अग्रवाल अमन कोशल सेनी आदि लोग उपस्थित रहे सभी नगर पालिका कर्मचारियों ने समाज सेवाओं का आभार प्रकट किया ईश्वर से प्रार्थना की सभी समाजसेवियों को ईश्वर खुश रखे मनोकामना पूर्ण करें पराग गर्ग एवं गोविंद अग्रवाल सभा को संबोधित करते हुए कहा समाजसेवी निस्वार्थ भावना से निर्धन लोगों की सहायता करते हैं इसी प्रकार आगे भी सहायता करते रहेंगे निर्धनों के लिए तन मन धन से सहयोग मिलता रहेगा।




# पहासू में सफाई कर्मियों को मिली सुविधा, वितरित की गई सफाई किट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू** । वृहस्पतिवार को विकासखंड पहासू में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सफाई कर्मियों को सफाई किट वितरित की गई। इस कार्यक्रम में मुनेश कुमार ब्लॉक प्रमुख पति और नरेंद्र कुमार शर्मा खंड विकास अधिकारी ने सफाई कर्मियों को सफाई किट प्रदान की। इन किटों में सफाई करने के लिए आवश्यक औजार और सामग्री शामिल हैं, जो सफाई कर्मियों के काम को आसान बनाने में मदद करेंगे। सत्यपाल सिंह एडीओ पंचायत ने बताया कि सफाई कर्मियों ने अक्सर शिकायत की थी कि उनके पास सफाई करने के लिए पर्याप्त औजार और सामग्री नहीं हैं। इस कार्यक्रम में कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिनमें सहायक विकास अधिकारी सत्यपाल सिंह, प्रधान संगठन के अध्यक्ष जगनेश चौधरी, और अन्य ग्राम प्रधान और सचिव शामिल थे।



# गैंगस्टर में वांछित एक शातिर अपराधी अवैध असलहा सहित किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 01.01.2025 को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 01 शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी/गैंगस्टर हैं, जो थाना सलेमपुर पर पंजीकृत मुअसं- 01/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना सलेमपुर पर मुअसं-4/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं। पूछताछ मेंगिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-. अनिल पुत्र बनारसी दास निवासी ग्राम बनवारीपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर बताया ।




**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

अतुल कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर. उ0नि0 अनुराग गौतम, उ0नि0 सचिन कुमार है०कां0 गुलफाम अली, कां0 अभिषेक त्यागी शामिल रहे।

# बलेनो कार मकान से टकराई दो पशुओं की मौत, ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बुलंदशहर-गढ़-स्टेट हाईवे स्थित गांव ईस्माइला में बुधवार शाम औरंगाबाद की ओर से तेज गति से आ रही बलेनो कार हाईवे किनारे बने मकान में जा घुसी। मकान के बाहर खोर पर बंधे चारा खा रहे दो पशुओं की कार की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने पीड़ित मकान स्वामी को आर्थिक मदद दिलाये जाने की मांग को लेकर हाईवे पर जाम लगा दिया। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया।

औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव ईस्माइला निवासी किसान रमेश चंद पुत्र धर्म सिंह का मकान बुलंदशहर-गढ़-स्टेट हाईवे किनारे बना हुआ है। बुधवार की शाम औरंगाबाद की ओर से तेज गति से आ रही बलेनो कार संख्या यूपी 13 सी. के. 2536 बलेनो कार ने मकान में जोर दार टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से मकान की दीवार गिर गई और खोर पर चारा खा रहे दो पशुओं की मौके पर मौत हो गई। कार में सवार चालक समेत दो व्यक्ति मौके से भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ने का भी काफी प्रयास किया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद गुस्साये ग्रामीणों ने कार चालक पर शराब पीकर कार चलाने का आरोप लगाते हुए बुलंदशहर-गढ़-हाईवे पर जाम लगा दिया।

जाम लगने की सूचना पर औरंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पुलिस ने ग्रामीणों को कार चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई किये जाने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया और जाम को खुलवा दिया। इस दौरान ही ग्रामीणों ने पीड़ित मकान स्वामी को सरकार से मुआवजा दिलाये जाने की मांग रखी। पीड़ित मकान स्वामी ने कार चालक के खिलाफ थाना औरंगाबाद में तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज का कहना है कि तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।



# नव वर्ष के उपलक्ष में कवि सम्मेलन मुशायरा 4 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** जतन स्वरूप पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के सौजन्य से नव वर्ष के आगमन पर शनिवार की शाम महफि ले तहजीब ओ अदब के शीर्षक से गंगा जमुनी काव्य सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन राजमहल बैंक्वेट हाल में किया जायेगा। कार्यक्रम के कन्वीनर मयंक सक्सैना ने बताया कि हिंदी उर्दू विभाग के संयुक्त कार्यक्रम में अलीगढ़ से जॉनी फास्टर, कलीम समर, मुशर्रफ हुसैन महजर, दौलत राम शर्मा, गाज़ियाबाद से अनिमेश शर्मा आतिश, राजीव कामिल, मेरठ से डॉ यास्मीन मूमल, बुलंदशहर से डॉ आलोक बेजान, संगीता अहलवत, ऐंन मीम कौसर, अक्षय प्रताप अक्षय तथा दिल्ली से सैयद अली अब्बास नौगांवी के अतिरिक्त स्थानीय शायर व कविगण अपना काव्य पाठ करेंगे। कॉलेज के संरक्षक नितिन भटनागर ने हर खास ओ आम से शिरकत की दरख्वास्त की है।

# पत्नी ही निकली पति की हत्यारन अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर की हत्या

**विनोद की हत्या में संलिप्त पत्नी व पत्नी के प्रेमी सहित कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** आपको बता दे कि 31.12.2024 वादी यतिपाल पुत्र धनसिंह निवासी ग्राम ईलना थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी गयी कि उसके पुत्र विनोद की पत्नी व अपने प्रेमी नेमपाल व उसके साथी शाहिद के साथ मिलकर मेरे पुत्र विनोद की हत्या करा दी गयी है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 1171/24 धारा 103(1),61(2),238 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के क्रम में दिनांक 01.01.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्ता अन्जू को स्याना अड्डे पर शिकारपुर रोड से तथा अभियुक्त नेमपाल व शाहिद को ज्ञानलोक कॉलोनी में अभियुक्त शाहिद के घर से आलाकत्ल गमछे सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैगिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता- अन्जू पत्नी विनोद कुमार निवासी ग्राम ईलना थाना औरंगाबाद नजपद बुलन्दशहर-नेमपाल पुत्र करन सिंह निवासी देवीपुरा-1 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर शाहिद पुत्र साबिर निवासी आवास विकास नई टंकी के पास नये फ्लैट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर (हाल किरायेदार ज्ञानलोक कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहरबरामदगी- 01 गमछा आलाकत्ल 01 मोबाइल फोन (मृतक विनोद का)

घटना का विवरणः- अभियुक्ता अन्जू के अभियुक्त नेमपाल से सम्बन्ध थे जिसकी जानकारी अन्जू के पति मृतक विनोद को हो गयी थी और उसने अन्जू के साथ मारपीट की थी तथा नेमपाल से बात करने से मना कर दिया था इसी बात से नाराज होकर अभियुक्ता अन्जू ने अपने प्रेमी नेमपाल व उसके साथी शाहिद के साथ मिलकर विनोद को मारने की योजना बनाई कि जब विनोद दुकान का सामान लेने बुलन्दशहर आयेगा तो उसकी हत्या कर देंगे । योनानुसार दिनांक 29-12-2024 को नेमपाल व शाहिद ने विनोद को पहले शराब पिलाई तथा नशा होने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी ।





**मौसम का मिजाज** — रोजाना सर्दी के तेवर तीखे हो रहे, जगह-जगह अलाव तापते नजर आए लोग गलन से हाथ पैर सुन

# शीत लहर से ठिठुरे लोग,पारा 6 डिग्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सर्दी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रात में पाला तो सुबह से ही शीत लहर जारी है सर्दी के चलते अब न दिन में चैन मिल रहा है और ने रात में सुकून की नींद आ रही है। हर कोई हाड. कंपा देने वाली सर्दी से कप कपा रहा है। तापमान भी लुढ़क कर 6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। इस बहन का ठंड का दंश झेलते हुए कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को मजबूरी में स्कूल जाना पड़ रहा है। जिस तरह की ठंड पड़ रही है उसके आगे युवा तक ठंड को सहन नहीं कर पा रहे हैं ऐसे में कालज के बच्चों का सुबह के समय ठंड में लड़ते हुए कॉलेज जाना बाकी काबिले तारीफ है। वही आपको बता दें कि ठंड का आलम कुछ ऐसा है कि नागरिक घरों में कैद होने को मजबूर हैं और अगर कोई बाहर निकल रहा है तो जरूरी काम से ही निकल रहा है। जनपद में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है लोगों को सर्दी में जकड़ रखा है तो लोग घरों के परिसर में ही है अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाने की जुगत कर रहे हैं तो वहीं लोगों को कोहरे की मार भी जमकर पड़ रही है नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड से आम जीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। नागरिकों का कहना है कि इस साल 2025 की शुरूआत शीतलहर और कड़ाके की ठंड के साथ हुई है। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। बाजारों में चारों तरफ सन्नाटा पसरा है दिन प्रतिदिन बढ़ती ठंड से मानव जीवन के साथ-साथ अन्य प्राणियों का जीवन भी अस्त-व्यस्त हो रहा है।



**बच्चों और बुजुर्गों की सेहत का रखें ख्याल**

तापमान में गिरावट आते ही सबसे पहले बच्चे और बुजुर्गों को ठंड लगने का खतरा बना रहता है। क्योंकि इन में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है ऐसे में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

सुबह के वक्त तेज हवा चल रही है तो एहतियात बरतने की जरूरत है गुनगुने पानी का सेवन करें। सर्दी में दिल के मरीजों को भी सेहत का ख्याल रखने की जरूरत है। घर से बाहर निकलते वक्त सिर पर गर्म टोपी या मफलर पहने।

**बाजार में छाया सन्नाटा**

कड़ाके की सर्दी के कारण बाजारों में सन्नाटा सा पसरा रहता है व्यापारियों का कहना है कि सर्दी के चलते दुकानदारी आधी भी नहीं है। ठंड के चलते वीरवार को सड़कों पर आवागमन कम ही रहा।

# नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर निफा एवं आरएस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन ने कराया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** निफा व आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन गाजियाबाद एवं मोलना आजाद पब्लिक स्कूल के तत्वाधान नशा मुक्ति जागरूकता

**मोलना आजाद पब्लिक स्कूल में 150 छात्र छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता लिया हिस्सा**

अभियान के तहत मुरादनगर में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में 150 बच्चों ने भाग लिया।

मोलना आजाद पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अहमद हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को जागरूक करना है ताकि नशे जैसी लत से स्वयं एवं अन्य को बचा सकें। इसी






को देखते हुए नशा मुक्ति भारत अभियान को लेकर मौलाना आजाद पब्लिक स्कूल ईदगाह मुरादनगर के प्रांगण में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति विषय पर बच्चों ने अच्छी अच्छी पेंटिंग बनाई, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इलमा, द्वितीय स्थान नाजिया एवं तृतीय स्थान पर रोजी रहीं। जिन्हें निफा जिला अध्यक्ष डॉ फहीम सैफी एवं गाजियाबाद के समाजसेवी नसीम खान द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नसीम खान ने बच्चों को नशे से दूर रहकर अपना भविष्य बनाने पर जोर दिया। समाज सुधारक कमेटी के सचिव - सहसचिव मौलाना जिया उल हक एवं मौलाना रैहान ने संयुक्त रूप से कहा कि नशा मुक्त भारत विषय बच्चों को दिया गया था, इन सभी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई थीब जिसे प्रतियोगी बच्चों ने बखूबी दिखाया कि समाज को किस तरह से नशीली चीजों का बहिष्कार करना है। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ फहीम सैफी ने नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल वीके शर्मा, निफा सचिव हाजी शहीद अहमद, कोषाध्यक्ष सीदू अल्वी, इरफान सैफी शहर अध्यक्ष, मोहसिन अध्यक्ष समाज सुधारक कमेटी, शखावत अहमद, मुनव्वर जहां, वाई डी सिंह, मरयम खान, नगमा, सुनीता शर्मा, शबाना,नेहा, निदा, अल्का, मुस्कान सुहानी मलिक, महक, सोफिया, अफसाना सैफी, भावना आदि ने नशा मुक्त युवा क्रान्ति वर्ष की पेंटिंग प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया।

# आरएन कलेक्शन सेंटर ने किया पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

## स्कॉर्पियो, बुलेट, स्कूटी और आईफोन पाकर किले भाग्यशाली विजेताओं के चेहरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सीकरी कलां के निकट हाईवे पर स्थित एक फार्म हाउस में रेडीमेड कपड़ों के विशाल शोरूम आरएन कलैक्शन सेंटर द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में लकी ड्रा के जरिए निकाले गए लकी कूपनों के आधार पर अनेक पुरस्कार भाग्यशाली विजेताओं को दिए गए। फार्म हाउस के प्रांगण में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू सिवाच द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड़ में शामिल होने की बजाय अन्य सही तरीकों से भी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जा सकता है। और आरएन कलेक्शन सेंटर द्वारा व्यवसाय को उन्नति देने के लिए अपनाया गया यह तरीका भी उन्ही सही तरीकों में से एक है। इस दौरान लकी ड्रॉ द्वारा निकाले गए लकी कूपनों के आधार पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने भाग्यशाली विजेताओं को स्कॉर्पियो गाड़ी, बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी और आईफोन पुरस्कार स्वरूप भेंट किये। पुरस्कार पाकर चारों भाग्यशाली विजेता खुश नजर आए। बता दे कि भगवानगंज मंडी स्थित रेडीमेड गारमेंट शोरूम आर एन कलेक्शन सेंटर ने एक स्कीम के तहत हर दस हजार रूपए तक की खरीद पर एक कूपन ग्राहकों को दिया था जिसमें चार बड़े इनाम स्कॉर्पियो, बुलेट, स्कूटी तथा आईफोन के अलावा अनेक सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए थे। इसी स्कीम के भाग्यशाली विजेताओं को लकी ड्रा के जरिए चुनने के लिए आरएन कलेक्शन सेंटर द्वारा साल के अंत में यह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल ने सभी भाग्यशाली विजेताओं को बधाई दी। मंच




पसंचालन सुमित वर्मा ने किया।

इस अवसर पर एसीपी ज्ञान प्रकाश राय, एसएचओ प्रशांत त्यागी, आईआईए के चेयरमैन राज ढींगरा, प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ ऋषि शर्मा, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, रामकिशोर अग्रवाल, रुद्र प्रताप सिंह त्यागी, पंकज भारद्वाज सैन, मुकेश गर्ग, बॉबी सिंघल, संदीप सिंघल, वैभव सिंघल, हरीश त्यागी, अरविंद अग्रवाल, कथा व्यास अरविंद भाई ओझा, तरुण कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# दुस्साहस : बदमाशों ने मारपीट कर दरोगा का छीना मोबाइल, फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कार सवार चार बदमाशों ने दुस्साहस दिखाते हुए भोजपुर थाने में तैनात एक दरोगा के साथ मारपीट की और दरोगा का मोबाइल छीन कर कार में बैठकर फरार हो गए। इस बाबत पीड़ित दरोगा द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक भोजपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक शील कुमार रात्रि में मेरठ दिल्ली मार्ग के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें थाना क्षेत्र में स्थित चौधरी रेस्टोरेंट पर कुछ संदिग्ध लोगों के होने की सूचना मिली। इसके बाद वह अपने हमराह प्रदीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और जैसे ही उन्होंने उन चारों संदिग्ध युवकों से वहां खड़े होने के बारे में पूछताछ की तो चारों युवक उनसे अभद्रता करने लगे और मारपीट शुरू कर दी। और शील कुमार का मोबाइल छीनकर कार में बैठकर फरार हो गए। मारपीट में शील कुमार के मुंह पर चोटे आई हैं। घायल शील कुमार ने जब उन चारों बदमाशों के बारे में वहां खड़े लोगों से पूछा तो उन्होंने उनके नाम भोलू पुत्र इंद्रपाल, गोलू पुत्र बबलू व गोलू पुत्र अज्ञात निवासीगण गांव फजलगढ तथा अंकित निवासी गांव तलहैटा की मढ़ैया बताया। पुलिस ने चारों बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश आरंभ कर दी है।



# जलती अंगीठी में हुए विस्फोट में घायल मजदूरों की हालत में हो रहा है सुधार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** क्षेत्र के गांव रेवड़ा रेवड़ी में बुधवार सुबह को जलती अंगीठी में घातक केमिकल डालने पर हुए विस्फोट मे घायल हुए मजदूरों की हालत में अब सुधार हो रहा है। जिस मकान में ब्लास्ट हुआ था उस मकान में रहने वाले अन्य मजदूर अपने अपने घरों के लिए चले गए है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

गांव रेवड़ा रेवड़ा में बुधवार सुबह जलती अंगीठी में आग सेकते समय ब्लास्ट हो गया था। इस हादसे में मजदूर जितेद्र व चंद्रेश्वर घायल हो गए थे। दोनों का दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि घायल मजदूरों की हालत में अब सुधार है। एक दो दिन में दोनों की छुट्टी कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि जिंक व सल्फर ऑक्साइड केमिकल जलती अंगीठी में डालने के कारण विस्फोट हुआ था।

बताया जा रहा है कि नर्माणधीन मकान में रह रहे अन्य मजदूर अपने अपने घर चले गए है। दहशत के चलते उक्त मकान में कोई भी मजदूर रहने को तैयार नहीं है। गांव रेवड़ा रेवड़ी के ग्रामीणों का कहना है कि विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि जैसे बम फट गया हो।

# 7वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में नोएडा के 20 खिलाडियों ने जीता गोल्ड मेडल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** जौनपुर में 30-31 दिसंबर को आयोजित हुई 7वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये उत्तर प्रदेश के नोएडा के 20 खिलाडियों ने भाग लिया । वरिष्ठ प्रशिक्षक और कोच प्रदीप कुमार ने बताया इस प्रतियोगिता के लिए अमीचंद सर्वोदय कॉन्वेंट स्कूल खेरली भाव दनकौर की टीम में 20 बच्चों का सिलेक्शन हुआ था जिसमें ,शुभी नागर,सोनाक्षी गौतम, अंशु, मदीना, प्राची,महक,अलीना,चंचल,करिश्मा ,नितिन शर्मा, मोंटी, सुशांत, शिवम, कार्तिक, आर्यन, मयंक, सुशांत,



आरिफ ने गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया, स्कूल के मैनेजर राकेश पाल ने बच्चों के वापस लौटने पर फूल माला और मिठाई खिलाकर स्वागत किया वही पर लखमीचंद, कुमारपाल, फखरुद्दीन, अहमद अली, रोहित नागर हरीश जीतेन्द्र आदी मौजुद रहे।

# मंदिर के सामने सरकारी जमीन पर किये हुए अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** हिंदू युवा वाहिनी सहित कई अन्य हिंदू संगठनों द्वारा की गई शिकायतों के बाद पालिका की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में वीरवार को सुचेता पुरी कॉलोनी में हनुमान मंदिर के सामने किए हुए अवैध कब्जे को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। हिंदू युवा वाहिनी से जुड़े नीरज शर्मा ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुचेता पुरी कॉलोनी में हनुमान मंदिर के सामने सरकारी जमीन पर कपड़ों पर प्रेस करने वाले। राजू पुत्र जमील ने पिछले करीब 7-8 वर्षों से अवैध कब्जा किया हुआ



था। जिसकी शिकायत हिंदू युवा वाहिनी सहित कई अन्य हिंदू संगठनों द्वारा कई बार तहसील प्रशासन से की गई थी। शिकायत का संज्ञान लेकर तहसील प्रशासन ने इस अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश पालिका को दिए थे। पालिका द्वारा अवैध कब्जा हटाने के लिए कई नोटिस राजू को दिए गए। किंतु राजू द्वारा अवैध कब्जे को ने हटाने पर वीरवार को पालिका की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया। इस मौके पर भारी पुलिस बल के अलावा नीरज कुमार शर्मा अमरीश, प्रतीक वर्मा, शुभम हिंदू, आशु, अंकित यादव, गौरव मास्टर जी सहित हिंदू संगठनों के अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

# भाकियू भूमिपुत्र ने किया मासिक बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली छेत्र के गांव बीरमपुर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र ने एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय कार्यालय बीरमपुर में किया बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव रमेशचंद्र राही व संचालन मुकेश ठाकुर ने किया ।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को हो रही परेशानियों को धरातलीय रूप में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराएंगे और टोल, भूखंड, स्थानीय युवाओं को रोजगार आदि के लिए शासन तक जायेंगे ।सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी । इस दौरान संगठन विस्तार करते हुए आरिफ खान को प्रदेश सचिव व अजय कुमार को विधानसभा अध्यक्ष खुर्जा नियुक्त किया और सैकड़ों किसान पुत्रों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री सर्वेश राना ,प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर दानवीर प्रधान ,जिला अध्यक्ष लाखा ठाकुर ,जिला प्रभारी गोपाल मीणा ,नगर अध्यक्ष भीम मीणा, जेवर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष युवा मनोज ठाकुर, मुकेश ठाकुर , गजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र तोमर , नाजिम , विजय मास्टर , रविन्द्र शर्मा जिला अध्यक्ष नोएडा समेत सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तीषा गोस्वामी व पुनीत वर्मा को ए न्यू होप फाऊंडेशन में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ए न्यू होप फाऊंडेशन द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने एवं विस्तारिकरण पर चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने समाज सेवा के इच्छुक अनेक लोगों को संगठन में शामिल कर महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत भी किया।

संगठन के सांई संतपुरा स्थित मुख्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मिलकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करना होगा।

जिसमें संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को अपने परिचितों के साथ साझा करना होगा। ताकि संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को लोग जाने और उनसे प्रभावित होकर संगठन के साथ जुड़े। इस प्रकार संगठन मजबूत होने के साथ ही संगठन का विस्तार भी होगा। बैठक के दौरान समाज सेविका तीषा गोस्वामी को संगठन की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा समाजसेवी पुनीत वर्मा को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दोनों नव मनोनीत पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सरदार गुरमीत सिंह, संतोष अग्रवाल, जितेंद्र त्यागी, तीषा गोस्वामी, पुनीत वर्मा, रवि गोयल आदि पदाधिकारी मौजूद थे।







# खुलासा | पुलिस ने 24 घंटे में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर हत्या कांड का किया खुलासा

## पत्नी को गाली देने से गुस्साए पति ने डंडा मारकर की थी पड़ोसी विनोद की हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** पत्नी को गाली देने से गुस्साए पति ने डंडे से पीटकर की थी पड़ोसी विनोद कुमार की हत्या। पुलिस ने 24 घंटे में

**हत्यारोपी की निशान दही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा किया बरामद**

हत्यारोपी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का गुरुवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशान दही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्घार्थ गौतम ने बताया कि गांव मिलक दुहाई में मंगलवार रात को 35 वर्षीय विनोद कुमार की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार सुबह विनोद का शव उसकी ही चारपाई पर पड़ा मिला था। एसीपी सिद्घार्थ गौतम ने बताया कि 24 घंटे के अंदर ही हत्यारोपी मृतक के पड़ोसी मोहित शर्मा को गिरफ्तार कर हत्या कांड का खुलासा कर दिया गया है। पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी मोहित शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात को वह डयूटी से अपने घर आया था। घर आने पर उसने देखा कि उसका पड़ोसी विनोद कुमार मेरी पत्नी को गाली दे रहा था।



मोहित शर्मा ने बताया कि जब मेने विनोद कुमार को गाली देने से मना किया तो वह डंडा लेकर आ गया। मोहित शर्मा ने बताया कि मैने उसका डंडा छीनकर विनोद के पैरों में मार दिया, जिस कारण वह जमीन पर गिर गया और उसके सिर में चोट लग गई। बुधवार सुबह को उसका शव उसकी चारपाई पर पड़ा मिला। मोहित ने बताया कि डर के चलते में घर से भाग गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है।

**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय BOT, MOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैंटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| PaynUse01-2025 | दिनांक 20.01.2025 को 12:00 बजे | पटेल नगर (PTNR)-1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB)-1 साइट, पानीपत (PNP)-1 साइट, कुल - 3 साइट्स/स्थल। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्म से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता; आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉडयूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरितकरने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084 | |

संख्या 7PUB/TN/Pay&Use Toilets/Auction/2022 Dated: 01.01.2025 21/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संस्कारनिवल विंटर कैंपः भावी पीढ़ी में संस्कारों का सृजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। शाखा द्वारा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प मंथन- संपूर्ण विकास केन्द्र के अंतर्गत 29 से 31 दिसंबर 2024 तक संस्कारनिवलः विंटर कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प पटेल नगर, गाजियाबाद स्थित शाखा में 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित हुआ। इस कैम्प का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, मानसिक विकास, और जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों का संचार करना था।कैम्प के दौरान बच्चों के लिए कई प्रकार की रोचक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने न्यूट्रीशन निंजा सत्र में सही पोषण के महत्व को समझा, वहीं वैल्यू ऑफ फूड, लिविंग फूड, डेड फूड सत्र में भोजन के प्रकार और उनके शरीर पर प्रभाव के बारे में




जाना। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बच्चों के लिए जुम्बा और योगा सत्र भी रखे गए। अन्य सत्र कुछ इस प्रकार रहेः मैजिक शो, साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट्स, फ्रॉग जम्प, वैदिक फैशन शो, चरित्र निर्माण, नृत्य, नाट्य मंचन, फन फ्यूजन आदि। कैम्प में बच्चों ने शिव तांडव स्तोत्रम्, हनुमान चालीसा, दोहे इत्यादि का गायन और श्लोक उच्चारण भी किया। इस कैम्प में विशेष रूप से डॉ. दिव्या श्रीवास्तव (मनोवैज्ञानिक) की कार्यशाला ने महत्वपूर्ण स्थान लिया। उन्होंने माता-पिता और बच्चों के संबंध को और बेहतर बनाने, बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव से बचाने, और अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के महत्व पर गहरी चर्चा की।

दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी श्वेता भारती जी ने सभी बच्चों को एक पवित्र व्यक्तित्व के साथ, विवेकपूर्ण निर्णय लेते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान साधना का महत्व समझाते हुए सभी को उसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतिदिन कार्यक्रम के अंत में सभी सामूहिक रूप से ध्यान एवं आरती में सम्मिलित हुए, तत्पश्चात प्रसाद और सर्टिफिकेट वितरण के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

इस कैम्प ने सभी प्रतिभागियों को जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने और चरित्रवान बनने की दिशा में प्रेरित किया।

# सोसायटी के गार्ड ही कर रहे दुकान में चोरी, आरडब्लूए ने साधी चुप्पी, पीड़ित ने तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद**। रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो सारी व्यवस्था भगवान भरोसे है। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में यह कहावत चरितार्थ हो रही है। जहां सोसायटी में स्थित एक कन्फैक्शनर्स की दुकान में पिछले कुछ दिनों से हो

## सोसायटी के लोगों ने मांगा आरडब्लूए पदाधिकारियों का इस्तीफा

रही चोरी का आरोप सोसायटी के ही कुछ गाड्र्स पर लगा है। पीड़ित दुकानदार आयुष गर्ग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि सोसायटी में उसकी हेल्थ फर्स्ट ट्रेडर्स नाम से कन्फेक्शनरी की दुकान है। पिछले कुछ दिनों से उसकी दुकान में चोरी हो रही थी जिसके बाद उसने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो उसमें सोसायटी के कुछ गाड्र्स ही चोरी करते नजर आए। पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि आरडब्लूए के मैनेजर से शिकायत करने के बावजूद भी उन्होंने इस मामले में कोई




कार्यवाही न करते हुए चुप्पी साध ली। आरडब्लूए की इस चुप्पी से सोसायटी के लोगों में आक्रोश है। वहीं गुलमोहर आरडब्लूए के पूर्व महासचिव आर के गर्ग ने मौजूदा आरडब्लूए पदाधिकारियों के इस्तीफे की मांग की है। पीड़ित दुकानदार ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# ठंड व शीतलहर से बचाव हेतु बरतें सावधानीः सौरभ भट्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद में वर्तमान समय में ठण्ड तेजी से बढ़ी है, उक्त बढ़ती ठण्ड के दृष्टिगत जनपद वासियों हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी करते हुए सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) गाजियाबाद ने अवगत कराते हुए बताया कि लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचें। शरीर को सूखा रखें एवं गर्म कपड़ों से ढक कर रखे। शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थ एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते समय थोडी खिड़की खोलकर रखे और सोने से पहले इन सभी को बंद कर दें। ठण्ड के समय फ्लू, नाक बहना जैसी विभिन्न बिमारियों की संभावना बढ़ जाती



है जो आमतौर पर ठण्ड के लम्बे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती है। ऐसे लक्षणों के होने पर डाक्टर से परामर्श लें। शीतलहर के समय बुजुर्गों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। शीतलहरी के समय अत्यन्त आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि सम्भव हो तो यात्रा से बचें। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक शक्ति और शरीर के तापमान के संतुलन को बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन, विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। शीतदंश (यथा शरीर के अंगों के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरो, कान एवं नाक पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि पड़ने पर) जैसी बीमारियों के लक्षण होने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करें। ठण्डे पानी के स्थान पर हल्के गर्म पानी का प्रयोग करें। आग तापने के लिए प्लास्टिक थैलियों, टायर का प्रयोग न करें। आग जलाते समय ज्वलनशील पदार्थ आसपास न रखें। बिस्तर के पास अलाव न जलाएं।

# शहर विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। शहर विधायक संजीव शर्मा ने शहर विधानसभा की बहुत बडी समस्या डिफेंस की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से रक्षा मंत्री को अवगत कराया विधायक संजीव शर्मा ने रक्षा मंत्री को बताया कि डिफेंस की जमीन पर असामाजिक तत्वों व आपराधिक किस्म के लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है अतिक्रमण हटने पर लाईनपार क्षेत्र से अपराध भी खत्म हो जाएंगे गाजियाबादःशहर विधायक संजीव शर्मा ने विधायक बनने के साथ ही अपने क्षेत्र के विकास व यहां की समस्याओं के समाधान की कवायद शुरू कर दी थी। इसी कडी में अब वे लाईनपार क्षेत्र की बहुत बडी समस्या डिफेंस की खाली पडी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने के लिए जुट गए हैं। इसके लिए विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग के साथ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से





उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। शहर विधायक संजीव शर्मा ने उन्हें बताया कि लाईनपार क्षेत्र में डिफेंस की काफी जगह है, जो खाली पडी हुई है। इस जमीन पर असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है और यहां झुग्गियां बना ली हैं। यह अतिक्रमण पुराना विजयनगर में बाल्मीकि बस्ती से भूड भारत नगर में चावला होटल तक है। डिफेंस की खाली पडी जगह पर अतिक्रमण करके जो झुग्गियां बनाई गई हैं, उनमें अधिकांश में असामाजिक तत्व व आपराधिक किस्म के लोग निवास करते हैं और प्रतिदिन आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं, जिससे पूरे लाईनपार क्षेत्र के निवासी परेशान हैं और उनमें भय व्याप्त है। सांसद अतुल गर्ग ने भी आपको डिफेंस की खाली पडी जमीन, उस परअसामाजिक तत्वों व आपराधिक किस्म के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लाईनपार क्षेत्र में रोजाना आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बारे में बताया गया है। विधायक संजीव शर्मा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को बताया कि लाईनपार क्षेत्र में लाखों लोग रहते हैं और सभी डिफंस की जमीन पर अतिक्रमण कर वहां निवास करने वाले असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों से परेशान व भयभीत हैं। अतः रक्षा मंत्रालय की अरबों रुपए की इस जमीन से अतिक्रमण हटवाया जाए ताकि लाईनपार क्षेत्र से अपराध खत्म हो और क्षेत्र का सम्पूर्ण विकासहो सके।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सेमिनार एवं कैंप आयोजित, कैंप का काउंटरवार किया भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। रोजगार सृजन हेतु 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान'' योजना का लें लाभः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एचएलएम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, मेरठ रोड दुहाई गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नव घोषित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गयी। जिसमें सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद में रोजगार सृजन हेतु एक नई पहल मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना संचालित की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश का निवासी, 21 से 40 वर्ष की आयु तक, न्यूनतम आठवीं पास तथा राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं में कौशल उन्नयन योजना आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी द्वारा आवेदन किया जा सकता है। उक्त योजना अंतर्गत लाभार्थी को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में अधिकतम रुपए 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। योजना के प्रचार प्रसार एवं योजना की जानकारी जनपद के सभी वर्गों में पहुंचाने के उद्देश्य से एचएलएम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन गाजियाबाद में जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में सेमिनार एवं कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न प्रशिक्षणदाई संस्थानों जैसे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद राजकीय पॉलिटेक्निक गाजियाबाद, एनयूएलएम, एनआरएलएम, रूडसेटी एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों, जनपद





के औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी गाजियाबाद, एनयूएलएम, एनआरएलएम, रूडसेटी गाजियाबाद, अग्रणी जिला प्रबंधक गाजियाबाद के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा सभी लाभार्थियों को योजना के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान गई। सेमिनार के दौरान जनपद के सामान्य सुविधा केंद्र के संचालकों द्वारा जिला उद्योग केंद्र गाजियाबाद के साथ संयुक्त रूप से कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया गया। उक्त सेमिनार में लगभग 1200 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल द्वारा उक्त कैंप का काउंटरवार भ्रमण किया गया एवं जानकारी चाही गई कि उक्त कैंप के दौरान कितने लाभार्थियों का आवेदन कराया गया है। उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान द्वारा अवगत कराया गया कि कैंप के दौरान लगभग 500 व्यक्तियों को योजना की जानकारी देते हुए ब्रोशर प्रदान किए गए हैं तथा 200 व्यक्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु दस्तावेज तैयार किए गए हैं, जिनका आवेदन कराते हुए आवेदन शीघ्र ही बैंको को अग्रसारित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को स्वरोजगार की ओर अग्रसर होने दी गई तथा उक्त योजना में अधिक से अधिक आवेदन किए जाने की अपील की गई। उक्त सेमिनार में जनपद के एक जनपद एक उत्पाद योजना के लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद एवं जिलाधिकारी गाजियाबाद के कार्यक्रमों से टूलकिट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बैठक में एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के निदेशक अजय अग्रवाल, लोहा एवं विक्रेता मंडल औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी अतुल जैन द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि 07 जनवरी 2025

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतिम प्रकाशन के संबंध में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन संबंधी भेजे गए प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है, जिसके अनुसार अब अन्तिम प्रकाशन की तिथि 06 जनवरी 2025 के स्थान पर 07 जनवरी 2025 है।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल ने विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल को हराकर विंटर कप जीता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। 9 वें विंटर कप क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल बाल भारती पब्लिक स्कूल ब्रिज विहार व विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल पडपडगंज के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक फाइनल में 4 रन की जीत के साथ ही बाल भारती पब्लिक स्कूल ने 9 वां विंटर कप जीत लिया। विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर हुए फाइनल में टॉस बाल भारती पब्लिक स्कूल ने जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट पर 293 रन का विशाल स्कोर बना डाली। आरव चौधरी ने 55 गेंद में 122 रन की शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। रेयांश जैन ने 75 रन व अरनव ने 25 रन का योगदान दिया। केशव आनंद ने 21 रन व आर्यन डेढ़ा ने 48 रन देकर 2-2 विकेट लिए। 294 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल 30 ओवर में 9 विकेट पर 289 रन ही बना पाया और 4 रन से हार गया। अनूप यादव ने 58 रन, अंश कुमार ने 55 रन न कनिष्क ने 41 रन का योगदान दिया। विहान ने 15 रन देकर 3 विकेट व आरव चौधरी ने 35 रन 2 विकेट लिए।

# कश्मीर से कन्याकुमारी सशक्त हों माता-बहन हमारीः समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ**। पौष शुक्ल सप्तमी के पावन दिन जन्मे खालसा पंथ के संस्थापक सिखों के 10 वें गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के पावन अवसर पर सनातन धर्म,

## गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के उपलक्ष्य में समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी की 144 कि.मी. निर्वस्त्र पद यात्रा

परम्पराओं को छोड़े बिना कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारतवर्ष की नारीशक्ति को सशक्त बनाने हेतु खालसा पंथ को हृदय से ग्रहण करने की आशा लेकर केवल शॉर्ट नेकर (बमुर्डा) पहनकर समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी 01 जनवरी दोपहर 04:30 बजे हरिगढ़ स्टेशन रोड स्थित सेंट्रल गुरूद्वारा सिंह सभा पहुंचें और सायं 07 बजे पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर, सिख समाज एवं सभी सनातनियों का शुभाशीष लेकर रामघाट रोड, सेंटर पॉइंट होते हुए कठपुला मार्ग से नई बस्ती हरिगढ़ स्थित गुरूद्वारा होते हुए गुरुद्वारा बंगला साहिब, दिल्ली हेतु प्रस्थान किया। 06 जनवरी 2025 को गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मनाने के उपरांत सायं 05 बजे ट्रेन अथवा पब्लिक ट्रांसपोर्ट के द्वारा समाज सुधारक अभिषेक सक्सैना सनातनी हरिगढ़ हेतु वापसी करेंगे। सनातन प्रतिभा फाउंडेशन की टीम ने इस अवसर पर सेंटर पॉइंट चैराहे पर हरिनाम संकीर्तन भी किया। अभिषेक सक्सैना सनातनी ने बताया कि आचार्य चाणक्य का अखंड भारत का स्वप्न अब मेरा स्वप्न है। इसलिए आज हरिगढ़ से दिल्ली निर्वस्त्र पद



यात्रा प्रारम्भ करने के साथ साथ अटल चैक, सेंटर प्वाइंट चैराहा, हरिगढ़, उ.प्र. से एक नए अभियान का शुभारंभ किया। अभियान को ष्एक कदम अखंड भारत की ओरष नाम दिया गया है। इस अभियान के द्वारा हमारी समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन संपूर्ण विश्व के सनातनियों को एकजुट करने का प्रयास करेगी। मैंनेकश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक नारीशक्ति केसशक्तिकरण के लिए इस कड़ाके की ठंड में 144 कि.मी. निर्वस्त्र पद यात्रा का संकल्प लिया है।उन्होंने समस्त सनातनियों से निवेदन किया कि इस पद यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर मेरा उत्साह बढ़ाने का कार्य करें।इस मौके पर सेंट्रल गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान हरविंद्र सिंह, सचिव साहिब सिंह, स्टेज सचिव भूपेंद्र सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह, अश्वनी कुमार, सनातन प्रतिभा फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना सनातनी, उपाध्यक्ष साक्षी सक्सैना, सचिव आशु सिंघल, आशु गुप्ता, आयुष कृष्ण, धर्मेंद्र प्रजापति, सुमित कुमार, गुलशन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय पदाधिकारियों के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। पदाधिकारियों के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गाजियाबाद से डॉ प्रवीण राठी, डॉ करणपाल कसाना,डॉ



संजीव कौशिक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया ।प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रवीण राठी ने प्रदेश कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए कहा की संगठन को मजबूत करने व प्रांतीय नेतृत्व के बताये प्रत्येक निदेर्शों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व मेहनत के साथ पूरा करने का काम करूंगा।। तथा संगठन की उन्नति के लिए प्रयासरत रहूंगा ।

प्रत्येक फार्मासिस्टों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ने का प्रयास करूंगा व किसी भी फार्मासिस्ट का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।

**गुणगान** | विशेष आमंत्रित भक्त स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप एवं विधायक संजीव शर्मा की मौजूदगी में...

# श्रीसाईं मित्र मंडल ने 10 वां वार्षिक महोत्सव मनाते हुए कराया बाबा का गुणगान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। श्री साईं मित्र मंडल ने बाबा की पालकी का नगर भ्रमण करने के उपरांत संजय नगर सैक्टर 23 के रामलीला मैदान में दसवां वार्षिक महोत्सव मनाते हुए प्रसिद्धि प्राप्त भजन गायको से बाबा का गुणगान कराया। भजन संध्या में विशेष आमंत्रित भक्त के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं सदर विधायक संजीव शर्मा बाबा के दरबार में पहुंचे। वहां उन्होंने पैरा ओलिंपिक विजेता खिलाड़ियों कंचन लखानी, प्रणव सूरमा, आशिम खेत्रपाल, नीरज यादव को सम्मान प्रतीक चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने इस अवसर पर अपना संदेश देते हुए कहा कि भक्ति और आस्था के सागर में रात्रि के दौरान कड़कड़ाती ठंड होने के बावजूद नौनिहालों के साथ भक्तों का डटे रहना सनातन की ताकत को प्रदर्शित करता है। आपके







साल का शुभारम्भ जिस ऊर्जा के साथ आगाज हुआ है पूरे वर्ष सभी क्षेत्र वासियों पर इस सनातनी ऊर्जा का ओज ऐसे ही बना रहे। विधायक संजीव शर्मा ने आयोजकों को सुंदर आयोजन के सहित अन्य सभी भक्तजनों को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आस्था की भक्ति में खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मान करने की शुरूवात खेल और आस्था का बेहतरीन व प्रेरणा दायक संगम है। विशेष आमंत्रित भक्तगणों के रूप में पत्रकार वीके अग्रवाल, डॉ नीरज गर्ग, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, पूर्व महामंत्री नीरज त्यागी, उपेन्द्र शिशौदिया, पार्षद पप्पू नागर, सुरेन्द्र त्यागी,गुड्डू चौहान, दीपक वर्मा, सुंदर चौधरी आदि का भी आयोजक मंडल ने बाबा के दरबार में पहुंचने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करने का काम किया। साईं संध्या के आयोजन में मुख्य रूप से साईं बाबा की 72 घंटो की समाधि की झांकी तथा भजन गायक दीपक भल्ला के द्वारा गाए गए भजनो ने सभी का मन भक्ति मय कर दिया । कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजन कर्ता के रूप में योगेश कौशिक, रघुराज शर्मा, वैभव त्यागी, निपुण शर्मा, दिनेश कटारिया, ललित पाल, परमानंद, शोभित, मृत्युंजय सिंह, शिवपाल, सुमित शर्मा, सुमित शर्मा, रोहित चौधरी, कपिल वर्मा, संजीव शर्मा,श्रीकांत त्यागी, पवन गर्ग और अभिषेक गौतम आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## पड़ रही कड़ाके की ठंड में धौलाना ग्राम प्रधान ने किया कंबलों का वितरण, निर्बल असहाय की सेवा करना पुनीत व समाजिंतय कर्तव्य : अतीक अहमद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** कई दिन से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने जहा आम जनजीवन प्रधान अतीक अहमद, बिजली व्यापारी सगीर भाई के नेतृत्व में धौलाना के निर्बल वर्ग को चिन्हित कर कंबल वितरण कराया जा रहा है । जिसके चलते गुरुवार को प्रधान अतीक



अस्तव्यस्त कर रखा है वही लोगो को कपा दिया है । इस ठंड में सबसे अधिक परेशानी गरीब वर्ग के लोगो को झेलनी पड़ रही है। जिनके पास ओढने के लिए गर्म कंबल या रजाई तक नही है । इसी कड़ी में धौलाना ग्राम अहमद द्वारा कंबल वितरण किए गए । वही समाज सेवी सगीर भाई ने भी कंबल वितरण कराया । गर्म कंबल मिलने पर लोगो के चहरे पर मुस्कुराहट पसर गई । वही कस्बे के कई स्थानों पर भी कंबल वितरण कराया ।

# श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होते है: डॉ.शैल बिहारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** नगर के जवाहर गंज में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। पुष्प वर्षा का कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया।

गुरुवार सुबह कलश यात्रा जवाहर गंज से

**श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ,निकाली कलश यात्रा, श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का फूलों की वर्षा कर किया स्वागत**

शुरू हुई और जवाहर गंज,आर्यनगर,गढ़ रोड़ से होते हुए वापस जवाहर गंज में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख व कथा वाचक





श्रद्धेय डॉ शैल बिहारी दास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा,ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है,इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है,जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस मौके पर अलका कौशिक, भावना अग्रवाल,डॉ सुमन अग्रवाल,रीना अग्रवाल,गौशाला के मंत्री सुरेश गुप्ता, अंकित गुप्ता, सरिता गुप्ता,करन, संजीव, बिट्ठू,यर्थाथ, वैभव, नेहुल,प्रतिष्ठा आदि मौजूद थे।

# अपनी पुस्तक रुपया मूल्य का मापक या शोषण का साधन का हापुड़ में विमोचन करेंगे डा.देवेन्द्र बल्हारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** जनता सरकार मोर्चा के वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया की आचार्य घनश्याम वर्मा की पुस्तक रुपया मूल्य का मापक या शोषण का साधन पुस्तक के

**शनिवार 4 जनवरी को पत्रकारों से करेंगे वार्ता**

सहलेखक डा देवेन्द्र बल्हारा के नेतृत्व में जनता सरकार मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन (किसान शक्ति) की सामूहिक प्रेस वार्ता एवं उत्तर प्रदेश के सभी कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन होली चाइल्ड जूनियर हाई स्कूल सर्वोदय नगर मेरठ रोड पर 4 जनवरी, 2025 (शनिवार) दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा । जिसमें महान विद्वान डा देवेन्द्र बल्हारा पत्रकार वार्ता कर अपनी किताब की संपूर्ण



जानकारी शेयर करेंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता सरकार मोर्चा और किसान शक्ति के लोग जनसंपर्क अभियान छेड़े हुए है । जिससे उम्मीद है की किताब विमोचन के बाद एक नई जागरूकता हापुड़ जनपद में देखने को मिलेगी ये तय है । किसान शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर प्रधान ने बताया की आयोजित चार जनवरी के कार्यक्रम में प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश उत्तर प्रदेश के लिए पुस्तक का विमोचन एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं की बैठक रहेगा। जिसमें किसानों और आम जनता की चल-अचल संपत्ति का कम होना , उनकी दयनीय स्थिति , फसलों की कम कीमतें , तथा अन्य नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होगी ।

## जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण:एडीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार द्वारा प्रतिदिन अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर सुबह 10 बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की। उनके द्वारा फरियादी को तत्काल न्याय देने

- **एडीएम ने दस बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक की जनसुनवाई**
- **जिले की जनता एडीएम की कार्य प्रणाली की करने लगी प्रशंसा**

व दिलाने की प्रयास किया जाता है। जिसे देखकर जनपदवासी एडीएम की कार्य प्रणाली की प्रशंसा करने लगे है। आपको बता दें,कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार समयनिष्ठ,कत्त्रव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वह प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचने से उनकी समयनिष्ठता का



पता चलता है,अपने कार्यालय पर बैठकर वह जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करते और कराते भी है। जिसमें उनकी कत्त्रव्यनिष्ठा दिखाई देती है। गुरुवार को जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार के समक्ष लोग विभिन्न समस्याएं लेकर से आये,उन्होंने शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण और शासन द्वारा निर्धारित अवधि में करने के निर्देश दिये। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसको मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित ना रखा जाएं। गौरतलब है,कि एडीएम संदीप कुमार द्वारा प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर जनसुवाई की जाती है। उनकी कार्य प्रणाली की जनपद की जनता की प्रशंसा करने लगे है। उनके कार्यालय में पहुंचने वाला फरियादी निराशा होकर नहीं आते है,उनकी समस्या का तत्काल समाधान करने व कराने का प्रयास किया जाता है।

## दिनेशनगर पिलखुवा में नव वर्ष 2025 का भव्य स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** 2025 को दिनेशनगर, पिलखुवा की पावन धरा पर नव वर्ष 2025 का स्वागत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर दिनेशनगरवासियों ने महिला, पुरुष और बच्चों सहित नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को "नव वर्ष 2025" की शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर आलोक शर्मा, हरीश मित्तल, देवेन्द्र सिंह तेवतिया, अशोक चौहान, प्रशांत चौधरी, निशांत शर्मा, योगेंद्र शर्मा, मनोज राठी, रितेश, रत्नेश, शलभ गुप्ता, एस. एच. अंसारी, डॉ. राघव, सुरेन्द्र केशरी, अमित शर्मा, ललित शर्मा, शारदा देवी, मनबीरी देवी, रेनू चौधरी, सरिता, प्रियंका, हनी शर्मा, सपना चौहान, आँचल, शीतल, पूजा, अभिषेक मित्तल, दीपांशु मित्तल, अभिनव चौधरी, दिव्य, केसु,



कपिल, ग्रेसा, मानवी, महेन्द्री देवी, पिंकी, यश शर्मा, रोली गुप्ता, प्रियंका, ममता मित्तल, माधुरी सारस्वत, संजू, अंजलि, शुभम शर्मा, शिवानी चौहान और शिवांश जैसे सम्मानितगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने सामूहिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर इस उत्सव को और भी खास बनाया। इस आयोजन ने दिनेशनगरवासियों के बीच एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया। नव वर्ष 2025 की इस शुभ बेला पर उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर आने वाले वर्ष को खुशियों और सफलता से भरपूर बनाने का संकल्प लिया।

## धौलाना में हुआ पांच पीर बाबा का गुणगान, आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पीर बाबा की इबादत की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** कस्बा धौलाना तहसील मार्ग स्थित पंचपीर बाबा का भव्य भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम में दी अपनी सहभागिता**

किया गया । रात्रि में पीर बाबा के समक्ष कव्वाली आयोजित की गई । जिसमें पूरी रात्रि लोगों ने पीर बाबा की इबादत कर उनका गुणगान किया गया । पांच पीर बाबा के बंदे धौलाना ग्राम प्रधान और कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अतीक प्रधान ने बताया कि बाबा की स्थापना को लेकर सर्वप्रथम इबादत का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें कस्बे की हर जाति समुदाय ने अपनी अपनी



भागीदारी देकर एकता की मिशाल पेश की । गुरुवार को आयोजित भंडारे में लोगों ने पूरी सब्जी हलवे का प्रसाद ग्रहण कर पीर बाबा का गुणगान किया । कार्यक्रम आयोजन में मुख्य सहयोग बिजली व्यापारी सगीर भाई अहमद, बब्बल ठेकेदार, युनुस भाई, शाकिर अहमद, साजिद अहमद, एडवोकेट भाजपा नेता अभिषेक तोमर, सुरेन्द्र सिंह शिशोदिया, अंकित गौतम, विनोद राणा, आशिक राणा, मुश्ताक अहमद, अफजाल सूफी, शाकिर सिद्दकी, शौकीन डीलर, डा एम लईक, फिरोज, सलीम, युनुस, मोटे, चिम्मन, अर्जुन, दुष्यंत, वीरपाल, आरिफ, सहित समस्त कस्बेवासियों का रहा।

**मुद्दा उठाया** | **लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिल किसान हितों का भी मुद्दा उठाया**

# योगी जी धौलाना को दे दो नगर पंचायत का दर्जा : निशांत शिशोदिया





**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ )।** भाजपा के कद्दावर नेता एवं धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया ने उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। जिसने सर्व प्रथम उन्होंने धौलाना कस्बे को नगर पंचायत बनाने की मांग की । और जल्द से जल्द इस मांग को मूर्त रूप देने की अपील की । जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति दी । ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया ने मुलाकात के दौरान बताया कि काफी लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की धौलाना को नगर पंचायत बनाने की मांग उठ रही है, लेकिन अभी तक यह मुख्य मांग पूरी नहीं हो पाई है, जिस कारण आज भी धौलाना जो कि तहसील और विधानसभा होते हुए भी ग्राम पंचायत है । इसलिए धौलाना को नगर पंचायत बनाया जाना बेहद आवश्यक जिससे धौलाना का विकास गति पकड़ सके । वही उन्होंने बताया कि सपा सरकार रिलायंस प्रोजेक्ट के लिए क्षेत्र ढाई हजार हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया गया था । उच्च न्यायालय के आदेश पर किसानों से मुआवजा जमा कर किसानों को भूमि वापस कराने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष धौलाना में अटल विद्यालय स्थापना कराए जाने भी मांग की । इस दौरान उनके साथ राजू त्यागी भी रहे ।

## भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री के निवास पर भाजपा नेता शोक व्यक्त करने पहुंचे, गत 22 दिसंबर को क्षेत्रीय महामंत्री की माता का हुआ था देहांत





**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री डा.विकास अग्रवाल की माता सत्यबाला अग्रवाल 76 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद गत 22 दिसंबर को देहांत हो गया था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद से भाजपा नेता उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्रीय महामंत्री डा.विकास अग्रवाल के निवास स्थान पर पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षामंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी,राज्यमंत्री केपी एस मलिक,पूर्व केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सुरेश राणा,लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर,यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ,वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राज सुन्दर तेवतिया,युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीश गर्ग, अरुण चौधरी, राहुल शर्मा, पंकज अग्रवाल, प्रवीण सिंघल, आकाश अग्रवाल, ललित मोदी, कपिल पाल, मनप्रीत खैरा आदि ने शोक संवेदन व्यक्त की।


## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र राधे व पुत्र वधू नेहा को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। राधे व नेहा द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**परमाल पुत्र बिशना**
**नि.ग्राम मीरापुर,थाना पिलखुवा,जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक


बेरोजगारी का मुद्दा 2014 से ही, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार केंद्र में सत्तासीन हुई, नासूर बनता रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढने के बावजूद बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दल भी लगातार हमलावर रहे हैं, और सरकार अक्सर बचाव की मुद्रा में खड़ी नजर आई है। सरकार का दावा है कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी उसकी नीतियों और कार्यक्रमों या अंतरिक्ष और रक्षा सेक्टरों में सुधार के केंद्र में महिलाओं समेत देश की युवा आबादी है पर सरकारी आंकड़े ही उसके दावों की पोल खोलते नजर आते हैं। नवम्बर के आखिर में लोक सभा में एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-24 में भारत में 15-29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 10.2 फीसद थी। विडंबना यह है कि एक तरफ जहां देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक है, वहीं केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में लाखों रिक्तियां खाली पड़ी हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग भी शामिल हैं। सुरक्षा ढांचा और इससे जुड़े बलों में बड़े स्तर पर पदों को न भरे जाने की वजह से पिछले दिनों संसद की सुरक्षा में सेंध लगने की भी खबरें आई। बेरोजगारी की समस्या के इतने गंभीर होने के बावजूद रिक्तियों को भरने की जगह बड़ी संख्या में सरकारी विभागों में निम्न श्रेणी में संविदा पर कर्मचारियों जबकि वरिष्ठ पदों पर सलाहकारों की भर्ती से काम चलाया जाता है। सरकार बेशक, दावा करती रही है कि पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना निरंतर प्रक्रिया रही है, और उनके विवरण संबंधित मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी), रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी), इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) आदि जैसी संबंधित रिक्रूटमेंट एजेंसियों के पास होते हैं। सरकार समय-समय पर और समयबद्ध तरीके से मिशन मोड में उन्हें भरने के लिए मंत्रालयों और विभागों को निर्देश देती रहती है, और इसी क्रम में उन्हें भरने के लिए रोजगार मेलों का देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजन करती रहती है।

हाल में आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के लगभग 80 विभागों में लगभग 10 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत विविध प्रकार के श्रम बलों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्याओं में से एक है, पर बेरोजगारी दर भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यय, आर्थिक वृद्धि, रोजगार के अवसरों आदि में कमी जैसे कई प्रकार से प्रभावित करती रही है। जाहिर है कि अगर बेरोजगारी दर अधिक है, तो इससे आर्थिक प्रगति में बाधा पहुंचती है, और इसकी वजह से सामाजिक अशांति भी फैल सकती है जबकि अगर बेरोजगारी दर कम है, तो इससे उन्नतिशील रोजगार बाजार और बढ़ती अर्थव्यवस्था का संकेत मिलता है। देश के नीति-निर्धारकों का फोकस रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के लिए रणनीतियां बनाने पर रहता तो है पर उसके ज्यादा सार्थक परिणाम निकलते दिखाई नहीं दे रहे। उदाहरण के तौर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक पदों पर रिक्तियों की कमी तत्काल और विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल से लोगों को वंचित रखती है। सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 50 प्रतिशत रिक्त रहने का अनुमान है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह कमी और भी अधिक है, जहां 80 प्रतिशत तक पद रिक्त पड़े हैं।

यही वजह है कि हमारी ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर तक बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। राज्य सभा में रेल मंत्री अिनी वैष्णव द्वारा दिए गए एक उत्तर के अनुसार, भारतीय रेल में 2.5 लाख से भी अधिक पद खाली पड़े हैं। जाहिर है कि इतने सारे पदों के रिक्त रहने से सुविधाएं भी प्राप्त नहीं होतीं और यात्रियों की सुरक्षा भी हमेशा सांसत में बनी रहती है। देश के विभिन्न न्यायालयों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं जबकि न्यायाधीशों के हजारों पद रिक्त हैं। यही वजह है कि मामलों के निपटान में सालों लग जाते हैं। गृह मंत्रालय में सीआरपीएफ, बीएसएफ और दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न संगठनों में लाख से अधिक पद रिक्त बताए जाते हैं। ये रिक्तियां हजारों की संख्या में ए, बी और सी जैसे विभिन्न ग्रुपों में हैं।

# 2025: दिल्ली और विपक्षी एकजुटता



राजेंद्र शर्मा

नये साल, 2025 के संबंध में, गुजरता हुआ साल जाते-जाते कुछ महत्वपूर्ण संकेत दे गया है। इनमें प्रमुख चुनावी संकेतों पर नजर डाल ली जाए। गुजरे हुए साल को किसी भी तरह से क्यों न देखा जाए, इसे देश के स्तर पर भी एक बहुत ही घटनापूर्ण साल कहना पड़ेगा। इस साल, देश में बहुत ही महत्वपूर्ण और दिलचस्प आम चुनाव हुए। बेशक, इन चुनावों के नतीजे में, जैसा कि सभी जानते हैं, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा ने लगातार तीसरे बार सरकार बनाई है। लेकिन, यह भी सच किसी से छुपा हुआ नहीं है कि भाजपा की इस जीत में भी हार का एक बारीक स्वर समाया हुआ था। चार सौ पार के नारे के साथ और उसके बल पर संविधान ही बदल डालने के इरादों के साथ चुनाव में उतरी भाजपा, पिछले दो चुनावों में हासिल रहे अपने साधारण बहुमत और पिछले आम चुनाव में मिली 303 सीटों से बहुत पीछे, 240 के आंकड़े पर ही अटकी रह गयी और उसे सरकार बनाने के लिए एक ओर चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम, दूसरी ओर नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड आदि सहयोगी पार्टियों की बैसाखी का सहारा लेना पड़ा है। एनडीए के अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भी सत्ता पक्ष बहुमत के आंकड़े से मुश्किल से बीस सीटें ही ज्यादा हासिल कर पाया है।

इसका नतीजा यह हुआ है कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की भाजपा के पहले करीब छः महीने सचेत रूप से यह दिखाने की कोशिश करने में ही गुजरे हैं कि वह वाकई एक गठबंधन की सरकार चला रही है। यह बात दूसरी है कि यह कथित गठबंधन की सरकार भी, वास्तविक आचरण में मोदी के दूसरे कार्यकाल से खास अलग नहीं है ; तीसरे कार्यकाल में भी कम-से-कम महत्वपूर्ण निर्णयों के मामले में गठबंधन की कोई भूमिका नहीं है और निर्णयों का अधिकार अब भी सिर्फ मोदी की भाजपा के हाथ में है। हां! दूसरे कार्यकाल से भिन्न, कभी-कभार सत्ताधारी एनडीए की समारोही बैठकें जरूर होने लगी हैं, जिन्हें मोदी के पहले कार्यकाल के बाद भुला ही दिया गया था।

मोदी के दूसरे और तीसरे कार्यकालों के बीच यह अंतर, आम चुनाव में विपक्ष की ताकत में जिस खासी बढ़ोतरी का नतीजा है, वह बेशक मोदी राज की लगभग सभी मोर्चों पर घोर विफलताओं पर और इन विफलताओं की ओर से ध्यान हटाने के लिए, बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता के उसके खुले खेल पर, आम भारतवासियों की नाराजगी का नतीजा है। लेकिन, आम लोगों की इस नाराजगी को एक विकल्प की ओर केंद्रित करने में, व्यापक विपक्षी एकता की उस परिघटना की केंद्रीय भूमिका रही थी, जिसने इंडिया नामक मंच के जरिए रूप ग्रहण किया था। संक्षेप में इस परिघटना ने "मोदी नहीं, तो कौन" के रेहटॉरिकल सवाल का एक कन्विंसिंग जवाब जनता के सामने पेश कर दिया था। मोदी की जगह, इंडिया की सरकार!

बेशक, इंडिया ब्लाक के गठन ने इस आम चुनाव में काफी दूर तक विपक्ष को पड़ने वाले वोट को एकजुट करने के जरिए, सत्ता पक्ष की गिनती की बढ़त को क्षति पहुंचाने का काम किया था। देश के बड़े हिस्से में, औपचारिक रूप से न सही, व्यावहारिक रूप से तो इस चुनाव में सीधे मुकाबले की स्थिति बन ही गयी थी। बहरहाल, इस मंच का प्रभाव विपक्ष के इस पहले ही मौजूद वोट को एक जगह इकठ्ठा करने तक ही सीमित नहीं थी। इससे ज्यादा नहीं, तो कम-से-कम इतने ही महत्वपूर्ण रूप से इसने, विपक्ष की इस एकजुटता के साथ, प्रभावशाली तथा असरदार तरीके साथ, मोदी राज के जनविरोधी चरित्र के संबंध में आम लोगों को कन्विंस करने का भी काम किया था। और इससे बनी जन-भावना का एक महत्वपूर्ण नतीजा यह भी था कि जहां एक के मुकाबले एक उम्मीदवार की स्थिति नहीं भी बन सकी थी, वहां भी जनता ने खुद ही विपक्षी उम्मीदवारों में से इस विरोध की अभिव्यक्ति के लिए सबसे उपयोगी विपक्षी उम्मीदवार को चुन लिया था और विपक्ष के ही बाकी उम्मीदवारों को नकार कर मुकाबला व्यवहार में एक प्रकार से एक के मुकाबले एक उम्मीदवार का बना दिया था।






इस तमाम पृष्ठभूमि की थोड़ा विस्तार से याद दिलाने की जरूरत इसलिए पड़ी है कि नये साल के लिए राजनीतिक संकेतों को इस संदर्भ के बिना नहीं पकड़ा जा सकता है। यह संदर्भ, दिल्ली से जुड़े मामले में आए संकेतों को समझने के लिए खासतौर पर जरूरी है। याद रहे कि नये साल में, दो ही महत्वपूर्ण चुनाव होने हैं – साल के पहले महीनों में दिल्ली का चुनाव और साल के मध्य में बिहार का चुनाव। दिल्ली के चुनाव के सिलसिले में वैसे तो संकेत, पांच साल पहले के विधानसभाई चुनाव के समीकरणों के कमोबेश ज्यों-का-त्यों दोहराए जाने के ही हैं। इस बार चुनाव में भी, पांच साल पहले हुए चुनाव की तरह ही न सिर्फ आम आदमी पार्टी विधानसभा में जबर्दस्त बहुमत-प्राप्त पार्टी की हैसियत से चुनाव मैदान में उतर रही है, उसका मुकाबला विधानसभा में इकलौती विपक्षी पार्टी के रूप में भाजपा से तो है ही, इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी भी चुनाव में तीसरा कोना बनाने की कोशिश कर रही है।

लेकिन, 2020 के विधानसभाई चुनाव से यह समानता सिर्फ ऊपरी समानता है और इसके आधार पर पिछली बार के ही नतीजों की एक बार फिर पुनरावृत्ति का अनुमान लगाना, सतही ही कहा जाएगा। जाहिर है कि इन पांच सालों में और खासतौर पर, पिछले करीब एक साल के दौरान, राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बदलाव तो इंडिया मंच का उदय ही है। हालांकि, यह मंच प्राथमिक रूप से संसदीय चुनाव के लिए ही खड़ा किया गया था और संसदीय चुनाव से ठीक पहले भी और खासतौर पर संसदीय चुनाव के बाद, विधानभाई चुनावों में इस गठबंधन को, मुख्यतः उसकी भाजपा-विरोधी धार के साथ ज्यों-का-त्यों बनाए रखना संभव भी नहीं हुआ है। संसदीय चुनाव के बाद से विधानसभाई चुनाव के जो दो चक्र गुजरे हैं, उनमें भी इस मामले में रिकार्ड मिला-जुला ही रहा है। जहां पहले चक्र में जहां जम्मू-कश्मीर में एक हद तक इंडिया ब्लाक को बनाए रखा जा सका था, हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीटों पर समझौता न होने के चलते, विपक्षी एकता की इस संकल्पना को धक्का लगा था। लेकिन, आम चुनाव के बाद से विधानसभाई चुनावों के दूसरे चक्र में, झारखंड तथा महाराष्ट्र, दोनों में ही कमोबेश इंडिया गठबंधन को बनाए रखा जा सका था।

बहरहाल, दिल्ली के विधानसभाई चुनाव में एकजुट इंडिया ब्लाक के रूप में उतरने की वास्तव में कोई गंभीर कोशिश हुई हो, इसके कोई संकेत नजर नहीं आते हैं। बेशक, इसका कुछ न कुछ संबंध, आम चुनावों के अनुभव से भी है, जिनमें सीटों के तालमेल के तहत, दिल्ली की कुल सात सीटों में से कांग्रेस पार्टी ने तीन और आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ा था और इसके बावजूद भाजपा दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब रही थी, जैसे कि वह इससे पहले 2014 के चुनाव में भी सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इसलिए, लोकसभा चुनाव से एक सरल सा नतीजा यह निकाला जा सकता था और निकाल लिया गया लगता है कि भाजपा के विरुद्ध कांग्रेस और आप पार्टी के एक साथ आने का, चुनाव में कोई फायदा नहीं है।

भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ विपक्षी दलों के चुनाव में एकजुट होने में, इस तरह के सरलीकरण के अलावा वस्तुगत समस्याओं का भी आना स्वाभाविक है। खासतौर पर जहां कोई विपक्षी दल सत्ता में हो, उसके प्रति एंटी-इन्कंबेंसी का कोई भी अन्य भाजपा-विरोधी पार्टी अपने समर्थन आधार यानी वोट को बढ़ाने के लिए उपयोग करना चाहेगी। इसके पीछे यह जायज चिंता भी हो सकती है कि अगर तमाम भाजपा-विरोधी सभी ताकतें सत्ताधारी पार्टी के पीछे लामबंद नजर आती हैं, तो भाजपा को ही एंटी-इन्कम्बेंसी का फायदा मिल जाएगा। इसके लिए, एक हद तक इन पार्टियों के अलग-अलग चुनाव लड़ने को भी कई बार समझा जा सकता है। लेकिन, अगर ये विपक्षी पार्टियां भाजपा तथा उसके सहयोगियों के खिलाफ अपनी वृहत्तर लड़ाई के परिप्रेक्ष्य को ही भूलकर, अपनी लड़ाई के मुख्य निशाने को ही भूलकर, एक-दूसरे को ही मुख्य निशाना बनाने लगती हैं, तो वे उस भाजपा-विरोधी जन-भावना के ही साथ विश्वासघात कर रही होंगी, जो इंडिया ब्लाक की धुरी है। दुर्भाग्य दिल्ली में कांग्रेस और आप पार्टी के बीच की होड़, इसी मुकाम तक पहुंचती नजर आती है।

कांग्रेस और आप पार्टी के बीच इस तरह के टकराव का, फौरी तौर पर दिल्ली के चुनाव के नतीजों पर हो सकता है कि बहुत ज्यादा असर नहीं पड़े, फिर भी इस प्रकार का टकराव विपक्षी एकता के पक्ष में जनभावना पर जिस तरह की चोट कर सकता है, उसका असर दूर तक दिखाई देगा। इस सिलसिले में यह नहीं भूलना चाहिए कि किस तरह भाजपा, आम चुनाव के नतीजे आने के बाद से यह आख्यान गढ़ने की कोशिश में लगी हुई है कि आम चुनाव में उसे लगा धक्का, एक विपर्यय था, जो संविधान आदि के प्रश्नों पर उसके रुख को लेकर विपक्ष द्वारा प्रचारित झूठे आख्यानों का नतीजा था और जनता ने आम चुनाव की अपनी इस गलती को सुधारना शुरू कर दिया है। पहले हरियाणा और अब महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों को मोदी राज इसी का सबूत बनाने की कोशिशों में जुटा हुआ है।

इस पृष्ठभूमि में दिल्ली के चुनाव का भाजपा के लिए भी और विपक्ष के लिए भी, महत्व बहुत बढ़ जाता है। विपक्ष के लिए महत्व में सिर्फ सत्ताधारी आप पार्टी ही नहीं, विपक्षी कांग्रेस के लिए महत्व भी शामिल है। इस सच्चाई की एक स्पष्ट पहचान दिल्ली में वामपंथी पार्टियों की चुनावी कार्यनीति में दिखाई देती है, जिन्होंने सीमित संख्या में सीटों पर एक ब्लाक के रूप में, स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला तो लिया है, लेकिन अपने प्रचार में मुख्य निशाना भाजपा पर ही केंद्रित रखा है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अगर इंडिया गठबंधन की भावना के खिलाफ काम करने के आरोप से बचना चाहती हैं, तो उन्हें भाजपा के ही मुख्य निशाना होने की ऐसी ही स्पष्टता का परिचय देना होगा, ताकि उनकी चुनावी टकराहट से, विपक्षी एकजुटता घायल न हो। इसके विपरीत, उनका एक-दूसरे को ही मुख्य निशाना बनाना, फौरन भी और दूरगामी तरीके से भी, भाजपा की ही मदद करेगा।


**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और साप्ताहिक पत्रिका 'लोकलहर' के संपादक हैं।)**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

## वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# पाकिस्तान जिसको भारत के विरुद्ध उपयोग करना चाहता था, वो ही आज उसका सबसे बड़ा दुश्मन बना



अशोक भाटिया

जब से तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ है, तभी से पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान का तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। ऐसे में आए दिन दोनों देशों की सीमाओं पर गोलीबारी और हवाई हमले होते ही रहते हैं। जबकि अफगानिस्तान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को काबू में करेगा। असल में ऐसा हुआ नहीं। टीटीपी में और तेजी से बदलाव आया है और पहले कई गुटों में बंटकर आपस में लड़ने वाला टीटीपी अब एक हो गया है। तालिबान के सत्ता में आने से सभी गुट अब मिल कर पाकिस्तान को निशाना बना रहे हैं। इसी के कारण दोनों देशों के बीच तनातनी और बढ़ी है।टीटीपी पाकिस्तानी सरकारी और वहां के संविधान गैर-इस्लामिक मानता है। वो चाहता है कि पाकिस्तान में पूरी तरह शरीयत कानून लागू हो। इसी इरादे के साथ वो पाकिस्तानी सरकार और सेना को कमजोर करना चाहता है। पाकिस्तान का दावा है कि टीटीपी के आतंकवादी अफगानिस्तान में पनाह लिए हुए हैं। वहीं से आतंकवादी पाकिस्तान पर हमले करते हैं। ये हमले तालिबान के सत्ता संभालने के बाद और बढ़ गए हैं। दूसरी ओर, तालिबान इन सबसे इनकार करता रहता है। हालांकि, टीटीपी ने ही साल 2012 में मलाला युसुफजई को निशाना बनाया था। टीटीपी के आतंकवादियों ने मलाला को गोली मारी थी, क्योंकि इस आतंकी समूह का मानना था कि मलाला एक वेस्टर्न माइंड गर्ल है।

ज्ञात हो कि साल 2007 में कई आतंकवादी गुटों ने मिलकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का गठन किया था। इसको पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाना जाता है। इसका लक्ष्य पाकिस्तान में इस्लामी शासन की स्थापना करना है। पाकिस्तान की सरकार साल अगस्त 2008 में टीटीपी को बैन कर चुकी है।हालांकि, इस आतंकी संगठन की शुरूआत साल 2001 में ही हो गई थी, जब अमेरिका ने अफगानिस्तान की सत्ता से तालिबान को खदेड़ दिया था। अक्तूबर 2001 में अफगानिस्तान से खेदेड़े जाने के बाद बड़ी संख्या में तालिबानी आतंकी पाकिस्तान चले गए। वहां 2002 से इन आतंकियों ने अपनी जड़े जमानी शुरू कर दीं तो पाकिस्तानी सेना ने इनके खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू की थी। इसके बावजूद बैतुल्लाह महसूद ने दिसंबर 2007 में टीटीपी के गठन का ऐलान कर दिया था। दो साल बाद बैतुल्लाह महसूद की मौत के बाद हकीमउल्लाह महसूद ने टीटीपी की कमान संभाली। साल 2013 में उसकी मौत के बाद मुल्ला फजलुल्लाह टीटीपी का नया नेता बना। उसे भी 22 जून 2018 को अमेरिकी सेना ने मार गिराया। अब तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान का दावा है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है और वहीं से हमले किए जा रहे हैं। इसीलिए दोनों देशों में तनाव बढ़ता जा रहा है।

अब तो मानों अफगानिस्तान और पाकिस्तान में मानो जंग छिड़ गई है। यहां तालिबान आर्मी और पाकिस्तानी सेना सीमा पर आमने सामने है। तालिबान की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के 19 सैनिकों की मौत हो गई है, और तीन आम नागरिक भी मारे गए हैं। टकराव अफगानिस्तान के पूर्वी खोस्त और पक्तिया प्रांतों में हो रहा है, जो पाकिस्तान की सीमा से सटे हैं।बताया जा रहा है कि, अफगान सीमा बलों ने खोस्त प्रांत के अली शिर जिले में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को आग के हवाले कर दिया और पक्तिया प्रांत के डंड-ए-पतन जिले में दो पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर लिया। स्थानीय मीडिया ने सूत्र के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा डंड-ए-पतन जिले में दागे गए मोर्टार शेल की वजह से तीन अफगान नागरिकों की मौत हो गई।

दरअसल यह टकराव कुछ दिन पहले पिछले मंगलवार की रात पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान के हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें कमोबेश 51 लोग मारे गए थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। मसलन, पाकिस्तान सेना का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से पाकिस्तान में आतंकी हमले किए जाते हैं और तालिबान से इसे काबू करने की अपील की गई थी।

गौरतलब है कि तालिबान पहले सोवियत यूनियन और अमेरिका जैसी ताकतों के साथ संघर्ष में उलझा रहा है।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** – विदेश सेवा संबंधी कार्यों सफलता मिलेगी, करियर में सौ प्रतिशत देंगे, घूमने फिरने का मन होगा। भाग्य प्रतिशत- 81

**वृषभ** – क्रिएटिव कार्य व नई व्यवसायिक योजना बनाने के लिए दिन शुभ है, घर के मसले सुलझ जाएंगे, रूठे लोगों से बातचीत होगी।
भाग्य प्रतिशत- 72

**मिथुन** – मन सुखी रहेगा, करियर में उन्नति होगी, परिवार के लोगों से मिलना होगा, आपकी योजना सफल होगी।
भाग्य प्रतिशत-73

**कर्क** – मित्र व नए लोगों से मदद मिलेगी, इंटरव्यू दे सकते है, तर्क क्षमता अच्छी होगी, गले मे परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-70

**सिंह** – अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करेंगे, इंडिपेंडेंट कार्य शुरू कर सकते है, धन काम को बढ़ाने के लिए मिलेगा, सरकार से फायदा होगा।
भाग्य प्रतिशत- 89

**कन्या** – व्यवसाय मे चतुरता दिखाएंगे, बड़े लाभ दिख रहे है, राजनीति में रुझान बढ़ेगा, दायरा बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-78

**तुला** – अचानक कोई खुशखबरी मिल सकती है भाग्य का साथ मिलेगा, फैशन, ज्वैलरी,कपड़ा व्यवसाय से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत- 81


**वृश्चिक** – क्रोध बढ़ेगा, रक्त की कमी हो सकती है, सरकारी अधिकारियों से मेलजोल होगा, शिक्षा को बढ़ायेंगे। भाग्य प्रतिशत- 76

**धनु** – बुखार से बचे, परिवार को लेकर चिंतित रहेंगे, कमीशन कार्य से लाभ होगा, वकालत में कोई केस मिलेगा, अध्यापक नई जगह इंटरव्यू देंगे।
भाग्य प्रतिशत-52

**मकर** – धन खर्च बढ़ेगा, चिंता रहेगी पत्नि के परिवार से सहयोग मिलेगा, सुख प्राप्ति के लिए परिश्रम बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-49


**कुंभ** – धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो से लाभ होगा, पथरी, गुर्दे, हार्मोन की समस्या से बचे, कंस्ट्रक्शन साइट पर कोई हादसा हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-61

**मीन** – सन्तान की उन्नति होगी, साझेदारी व्यवसाय व नौकरी अच्छी चलेगी, मन मे अच्छे विचार व किसी को सलाह देंगे।
भाग्य प्रतिशत-88



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# पास/फेल की बजाय समग्र विकास/जीवन कौशल की नीतियां बनाएं



प्रियंका सौरभ

कक्षा 5 और 8 में छात्रों के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करना भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य छात्रों की असफलता को रोककर शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना था। हालाँकि, सीखने के परिणामों में गिरावट की चिंताओं के साथ, संशोधन अकादमिक सुधार पर जोर देकर पहुँच और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करता है। नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने से यह सुनिश्चित होता है कि छात्र शिक्षा प्राप्त करना जारी रखें, भले ही वे अकादमिक रूप से संघर्ष करते हों, जिससे सार्वभौमिक पहुँच के सिद्धांत को बल मिलता है। जिन छात्रों को असफलता के कारण निष्कासित कर दिया जाता था, उन्हें अब परीक्षा फिर से देने और सुधारात्मक सहायता प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

असफल छात्रों को रोककर, नीति सक्रिय भागीदारी और जवाबदेही को प्रोत्साहित करती है, जबकि अभी भी शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच को प्राथमिकता देती है। कक्षा 5 में असफल होने वाले छात्रों को अब अगली कक्षा में जाने से पहले सुधार करने का मौका मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे पीछे न छूट जाएँ। नीति में सुधारात्मक निर्देश के प्रावधान शामिल हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी छात्र शैक्षणिक संघर्ष के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, न्यायसंगत पहुँच को बढ़ावा दिया जाता है। उदाहरण के लिएः कक्षा 5 में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को विशेष सहायता और पुनः परीक्षा के अवसर मिलते हैं, जिससे उन्हें शिक्षा प्रणाली में बने रहने में मदद मिलती है। माता-पिता संघर्षरत छात्रों की पहचान करने और प्रगति की निगरानी करने में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी बच्चों को, चाहे उनका प्रदर्शन कैसा भी हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो।

माता-पिता शिक्षकों के साथ नियमित संचार के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि शैक्षणिक विफलता के कारण कोई भी बच्चा अनदेखा न हो। नीति का उद्देश्य छात्रों को सफल होने के कई अवसर देकर उन्हें शिक्षा प्रणाली में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करके उन्हें स्कूल छोड़ने से रोकना है। नीति परिवर्तन के बाद, कक्षा 8 में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने का एक और मौका दिया जाता है, जिससे स्कूल छोड़ने की दर कम हो जाती है। नीति परिवर्तन स्कूलों को उन छात्रों की पहचान करने के लिए प्रेरित करता है जिन्हें अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है, सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए अधिक अनुकूलित दृष्टिकोण पर जोर देता है। केंद्रीय विद्यालयों में, संघर्षरत छात्रों को अब सीखने के अंतराल को दूर करने के लिए अतिरिक्त कोचिंग प्रदान की जाती है, जिससे बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। पुनः परीक्षा प्रणाली रटने के बजाय योग्यता-आधारित परीक्षणों पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्रों के सीखने के परिणाम अधिक सार्थक और प्रभावशाली हों। सैनिक स्कूलों में, हाल ही में लागू की गई योग्यता-आधारित परीक्षाएँ व्यावहारिक ज्ञान का आकलन करती हैं, जिससे छात्र तथ्यों को याद करने के बजाय मूल अवधारणाओं को समझने में सक्षम होते हैं। नीति यह सुनिश्चित करके समग्र विकास को बढ़ावा देती है कि असफल छात्रों को शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत ध्यान मिले। दिल्ली सरकार के स्कूलों में, संघर्षरत छात्रों को समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक सुधार के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन भी मिलता है। शिक्षक अब सीखने के अंतराल की पहचान करने और उसे दूर करने के लिए ज़िम्मेदार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे प्रत्येक छात्र की प्रगति में अधिक निवेश करें। कक्षा शिक्षक अब प्रगति रिकॉर्ड बनाए रखते हैं और विषयों में संघर्ष करने वाले छात्रों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करते हैं, जिससे लक्षित हस्तक्षेप रणनीतियाँ बनती हैं। पास होने के लिए कई मौके देकर, नीति विफलता के कलंक को कम करती है, छात्रों को लगे रहने और सुधार करने के लिए प्रेरित करती है। जो छात्र पहले असफल हुए थे, वे कलंक के जोखिम में थे, लेकिन अब उन्हें दूसरा मौका दिया गया है, जिससे ड्रॉपआउट दर कम हुई है और दृढ़ता की सुविधा मिली है। नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने से बेहतर सीखने के परिणामों के साथ सार्वभौमिक पहुँच का संतुलन बना रहता है। जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देकर, यह शिक्षण और मूल्यांकन में सुधार ला सकता है। हालाँकि, इस बदलाव को सफल बनाने के लिए शिक्षकों के बेहतर प्रशिक्षण, सुधारात्मक सहायता और छात्रों के आधारभूत कौशल को मजबूत करने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। देश में शिक्षा की निम्न गुणवत्ता के मूल कारणों को संबोधित करने के बजाय, पूरा ध्यान पास/फेल प्रणाली को फिर से लागू करने पर है। समय की मांग है कि सभी पक्षों को अधिक गंभीरता से काम करना चाहिए, और अब समय आ गया है कि शेष मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रयास किए जाएं। परिणामस्वरूप, नीति में नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए उपयुक्त समायोजन के साथ संशोधन किया जाना चाहिए, या इसे एक नए, अधिक संतुलित दृष्टिकोण से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए। मुख्य लक्ष्य बच्चों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना और उन्हें जीवन कौशल प्रदान करना होना चाहिए।

# "विनायक विद्यापीठ के शिक्षा संकाय के छात्र-छात्राओं में जाना हस्तिनापुर का गौरवमयी इतिहास"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी)।** विनायक विद्यापीठ के शिक्षा संकाय द्वारा छात्र-छात्राओं



का हस्तिनापुर के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्राचार्या ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना, ऐतिहासिक स्थलों के प्रति जागरूक करना और छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा को रोचक बनाना है। यह भ्रमण महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने जंबूद्वीप,सुमेरु पर्वत, ध्यान मंदिर, रक्षा बंधन मंदिर, तीन लोक रचना, भगवान शांति नाथ मंदिर सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्रा ने हस्तिनापुर के इतिहास से संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं वहां के पौराणिक महत्व को भी जाना । छात्र छात्राओं ने इस शैक्षिक भ्रमण में बहुत आनंद उठाया।भ्रमण के दौरान शिक्षा संकाय अध्यक्ष एकता सिंधु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जैवलिन थ्रोअर अन्नू रानी और पैरा खिलाड़ी प्रीति पाल को मिलेगा अर्जुन अवार्ड, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** ओलंपियन खिलाड़ी जैवलिन थ्रोअर अन्नू रानी और पेरा खिलाड़ी प्रीति पाल को अर्जुन अवार्ड के लिए चुना गया है। दोनों का नाम अर्जुन पुरस्कार की लिस्ट में शामिल हुआ है। दोनों ही खिलाड़ियों को जल्द दिल्ली में इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ियों को 17 जनवरी की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू सम्मानित करेगी। अन्नू रानी सरधना रोड स्थित बहादुरपुर गांव की रहने वाली हैं।पिता ने प्रैक्टिस करने से रोका तो उन्होंने गन्ने के खतों के बीच से गुजर रही चकरोड पर गन्ने का भाला बनाकर उसे फेंकना शुरू किया था। आज वह पेरिस ओलंपिक में जेवलिन स्पर्धा में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला होंगी। हालांकि उनके पिता अमर पाल सिंह ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्होंने बमुश्किल पिता को मनाया और आगे बढ़ीं। कई बार चोरी छिपे भी अभ्यास किया और उनकी मेहनत रंग लाई। भाई ने उनका साथ दिया और आज वह इस मुकाम पर पहुंची हैं कि ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने पहुंच चुकी हैं।अन्नू रानी के इस मुकाम में पहुंचने तक उनके अलावा उनके परिवार का संघर्ष भी कम नहीं था। अन्नू रानी का जन्म बहादुरपुर गांव में 28 अगस्त 1992 को एक किसान परिवार में हुआ था। शुरूआत में उनके भाई उपेंद्र ने उनकी ताकत को पहचाना और उन्हें इस खेल में जाने के लिए प्रेरित किया। मुजफ्फरनगर में जन्मी प्रीति पाल मवाना रोड स्थित कसेरूबक्सर में रहती हैं। अन्नू रानी और प्रीति पाल को अर्जुन अवॉर्ड मिलने के बाद मेरठ में खेलों के इस श्रेष्ठ अवार्ड से 3 खिलाड़ी सम्मानित हो जाएंगे। इससे पहले रेसलर अलका तोमर अर्जुन पुरस्कार मिल चुका है।





# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम सूर्य घर योजनान्तर्गत वर्तमान तक 26,918 पंजीकरण हो चुके हैं, जिसके सापेक्ष 1,462 घरों में 5,732 किलोवाट क्षमता का सोलर रुफटॉप की स्थापना कराई जा चुकी है। वर्तमान में उपभोक्ता द्वारा हाई ब्रिड सिस्टम भी लगाया जा सकता है, जिसमें 02 किलोवाट संयंत्र पर रु0 90,000 एवं 03 किलोवाट या



उससे अधिक पर रु0 1,08,000 का अनुदान देय है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि वर्तमान तक हुए पंजीकरण एवं एप्लीकेशन की सूची डिविजन अथवा ब्लॉक वाईज एवं वर्तमान तक किस वेण्डर्स द्वारा कितने सिस्टम लगाए गए हैं एवं किस वेण्डर्स के स्तर पर कितने एप्लीकेशन लम्बित है, इस आशय की सूचना दिनांक 04 फरवरी 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, खण्ड विकास अधिकारी माछरा एवं परीक्षितगढ, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत मेरठ, अधीक्षण अभियंता वि0वि0मं0 मेरठ, अधिशासी अभियंता वि0वि0खं0प्रथम मेरठ, संदीप जैन इन्टेलिस्मार्ट ए.एम.आई.एस.पी परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ एवं यूपीनेडा में इम्पैन्लड में वेण्डर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सुभारती के मंच कला विभाग ने राज्य स्तरीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिता में बाजी मारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा आयोजित 50वीं राज्य स्तरीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिताओं में मंच कला विभाग ललित कला संकाय, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक व शास्त्रीय गायन शैली, ठुमरी, गजल, भजन आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रस्तुति देकर देश के वरिष्ठ संगीत व नृत्यकारों को मंत्र मुग्ध किया। उत्तर प्रदेश के 19 संभागो से प्रत्येक विद्या में प्रथम आये हुए छात्रो के इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की जिसमें सुभारती विश्वविद्यालय के एम. पी. ए. गायन की छात्रा आलिया खान ने दो प्रतियोगिताओं ठुमरी गायन व गजल के युवा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



नचिकेता शर्मा ने ठुमरी गायन विशेष वर्ग में तृतीय स्थान व बी. पी. ए. कथक नृत्य की छात्रा खुशी मल्होत्रा ने कथक युवा वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर मेरठ का नाम रोशन किया। कुलपति कार्यालय में विजेता विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी के थपलियाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज जी ने राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत छात्र - छात्राओं को बधाई दी। ललित कला संकाय के डीन प्रो पिन्टू मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं के कार्य को सराहते हुए भविष्य में लगन के साथ कार्य करने को कहा। इस अवसर पर मंच कला विभाग की अध्यक्षा प्रो. भावना ग्रोवर ने बधाई देते हुए वर्ष 2024 की उपलब्धियों से अवगत कराया। प्रतियोगिताओं में संगीत हेतु फरदीन खान व उ० महराज खान का तबला व हारमोनियम पर सहयोग रहा। टीम निर्देशिका के रूप में डॉ. श्वेता चौधरी का सहयोग रहा।

# वैंकटेश्वरा में बौद्धिक संपदा अधिकार कानून एवं भारतीय युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में कैरियर अवसर विषय पर एकदिवसीय वैश्विक संगोष्ठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार कानून एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भारतीय युवाओं के लिए कैरियर अवसर विषय पर एकदिवसीय वैश्विक संगोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए यूनाइटेड किंगडम लन्दन से आयी अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञ डा. अंजली एस. डोहार्टी ने बौद्धिक सम्पदा कानून अधिकार को विस्तार से समझाते हुए अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय युवाओं के लिए विभिन्न कैरियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में बौद्धिक सम्पदा अधिकार कानून एवं




अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भारतीय युवाओं के लिए कैरियर संभावनाएंह्व विषय पर आयोजित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि वक्ता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों डा. अंजली एस. डोहार्टी, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे,वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. (डा.) मधु चतुर्वेदी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। एकदिवसीय वैश्विक संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता लन्दन से आयी अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञ डा. अंजली एस. डोहार्टी ने कहा कि आज के इस डिजिटल युग में बौद्धिक सम्पदा अधिकार कानून, इंटरनेशनल रिलेशनशिप कानून, साइबर लॉ आदि क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर भारतीय युवाओं के लिए ढेरों अवसर है। आज बौद्धिक सम्पदा अधिकार कानूनों के माध्यम से जहा बुद्धिजीवी लोग अपनी बौद्धिक संपदाओं को कापीराईट एक्ट एवं पेटेंट एक्ट द्वारा डुप्लीकेसी एवं पाइरेसी से बचा रहे है, वही दूसरी ओर साइबर लॉ जैसे कानून के माध्यम से आज हम अपनी प्राइवेसी (निजता/गोपनीयता) की रक्षा के साथ-साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दुरूपयोग को भी रोकने में सफल रहे है। लॉ, आई टी, सोशल वर्क, डिजिटल एवं तकनीक के क्षेत्र से जुड़े भारतीय युवाओं के लिए आज यू.के. एवं यू.एस. समेत यूरोपियन देशों में लाखों कैरियर संभावनाएं उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय,डा. मधु चतुर्वेदी आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समूह सलाहकार डा. आर एस. शर्मा,डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी.सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. लक्ष्मण सिंह रावत,डा. दिनेश गौतम, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अश्विन सक्सेना, डा. मनीष शर्मा, डा. आशुतोष, डा. अरुण गोस्वामी मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एएमयू प्रो शहाब फजल का जापान में व्याख्यान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अमुवि के भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो शहाब फजल ने जापान के नारा




महिला विवि में जलवायु परिवर्तन और सतत समाजः पूर्वोत्तर भारत के विशेष संदर्भ में विषय पर एक सेमिनार में भाग लिया। उन्होंने इस सेमिनार में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) और जापान सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस (जेएसपीएस) द्वारा संयुक्त रूप से गठित और वित्तपोषित एक संयुक्त द्विपक्षीय कार्यक्रम के तहत भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भाग लिया।प्रो फजल ने जलवायु परिवर्तन से प्रेरित आजीविका परिवर्तन और इसकी स्थिरताः भारत के उदाहरण विषय पर मुख्य व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों में जापान की नारा महिला विवि और भारत की गुवाहाटी विवि, अमुवि, दिल्ली विवि और एसएनडीटी विवि शामिल थे।

# गौशाला में शीत लहर से राहत बचाव कार्यो का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** गुरूवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार के साथ बरौला बाईपास स्थित नंदी गौशाला का निरीक्षण किया।

**पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को नगर आयुक्त ने पढ़ाया गौवंश की देखरेख का पाठ**

निरीक्षण के समय गौशाला में नगर आयुक्त ने मौजूद केयर टेकर से राहत व बचाव कार्यो के बारे में जानकारी ली। नगर आयुक्त ने गौशाला में गौवंश के लिये पर्याप्त हरें चारे, गुड की मात्रा का भी सत्यापन करते हुये गौवंश को शीत लहर से बचाव के लिये काउ कोट पहनाने के साथ साथ गौशाला में जगह जगह अलाव जलाने के लिये भी निर्देश दिये।नगर




आयुक्त ने कहा आने वाले दिनों में शीत लहर का प्रक्रोप बढ़ने के साथ ही बारिश की भी संभावना से इंनकार नहीं किया जा सकता ऐसे में नगर निगम द्वारा अपनी दोनों गौशाला में राहत व बचाव की समुचित व्यवस्था की गयी है साथ ही अधीनस्थों को दिन व रात्रि में दो बार सघनता से गौशाला का निरीक्षण करने के लिये लगाया गया है। उन्होनें बताया कि गौशाला में गौवंश को शीत लहर से बचाव व राहत के लिये समुचित व्यवस्थाएं पायी गयी साथ ही पशु चिकित्सा व कल्याण अधिकारी को तत्काल गौशाला में अतिरिक्त तिरपाल, काउ कोट व काउ मैट की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** नगर में लिबर्टी सिनेमा के मैदान में मामूली बात पर कुछ युवकों ने एक युवक पर हमला कर दिया हमले में युवक के मुंह पर पांच लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों के साथ थाना पहुंचे युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित समीर पुत्र अली हसन ने तहरीर देते हुए बताया कि वह अशोक स्तंभ स्थित लिबर्टी सिनेमा के मैदान में किसी कार्य से गया था तो वहां पहले से ही खेल रहे कुछ युवकों ने उसके साथ गाली गलौज की विरोध किया तो दबंग युवकों ने उसके ऊपर हाथ में लिए पंच से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल युवक का सीएससी में भेज कर मेडिकल कराया। युवक ने दो नामजक तथा दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



### ट्रैक्टर का सामान चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव नानू में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी तथा सिंचाई के काम आने वाली टोल पत्ती को चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने थाना पहुंचकर गांव के ही तीन लोगों पर अपने ट्रैक्टर का सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।नानू गांव निवासी मुकेश पुत्र मूले ने बताया कि बीती रात उसने अपना ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा किया था। गांव के ही तीन युवकों ने उसके ट्रैक्टर से बैटरी और अन्य कीमती समान चोरी कर लिया। जब आरोपियों से चोरी किए गए सामान के बारे में पूछा तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित मुकेश की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच कर कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।हल्का प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की तहरीर मिली है। जांच कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### अध्यक्ष जिपं ने वर-वधू को देश की एकता और अखण्डता के लिए दिलाया आठवां वचन, चिकित्सक दंपति ने निःशुल्क ओपीडी का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** महान स्वतंत्रता सेनानी और अलीगढ़ स्टेशन बमकांड के नायक देवदत्त कलंकी के पौत्र की शादी चर्चा का विषय ही नहीं बनी वर- वर-वधू ने भारत माता का पूजन कर देश की एकता और अखण्डता के लिए आठवां वचन भी लिया।अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह ने वर-वधु को आठवें वचन की शपथ दिलाते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर पेशे से चिकित्सक दोनों नव दपंतियों शाम का निःशुल्क ओपीडी चलाने का भी संकल्प लिया।जानकारी के अनुसार असहयोग आन्दोलन के दौरान 24 सितम्बर 1942 को अंग्रेजों की मिलिट्री ट्रेन को उड़ाने के लिए अलीगढ़ स्टेशन पर बम लगाया गया था, जिससे अंग्रेजी सरकार बुरी तरह से हिल गई थी। इस बम कांड के नायक देवदत्त कलंकी के पौत्र डॉ0 भव्य कुमार और पौत्र वधु डा0 अंकुर चैहान ने अपनी शादी में भारत माता का पूजन किया और देश की एकता व अखण्डता के लिए आठवां वचन भी लिया।कार्यक्रम में विधायक नगर मुक्ता संजीव राजा,विधायक कोल अनिल पाराशर, आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा, स्वतंत्रता सेनानी परिवार से सुरेश चन्द शर्मा, कामेश गौतम, बसंत बंसल, विनय शर्मा, संतोष शर्मा कलंकी और विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



**बैठक** उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जायेगा निस्तारणः जिलाधिकारी

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं नये प्रस्तावों पर बिन्दुवार चर्चा करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगा। बैठक में कुल 18 बिन्दुओ पर चर्चा की गयी। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

बैठक में एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईए द्वारा कुंडा गेट से बिग बाईट तक सडक में गड्डे, असमान सतह और अपर्याप्त जल निकासी की हालत से अवगत कराते हुये



समस्या निस्तारण का अनुरोध किया गया, जिस पर नगर निगम के अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य के लिए ऐस्टीमेट तैयार कर दिया गया है, पन्द्रहवें वित्त आयोग की बैठक में स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जायेगा। गगोल रोड पर इन्द्रिरापुरम कालोनी के बाहर नाले निर्माण का ऐस्टीमेट तैयार किया गया था परन्तु कार्य अभी तक नहीं हुआ है संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु निविदा स्वीकृत हो चुकी है, शीघ्र कार्य शुरू कराया जायेगा।गगोल रोड पर सोफिया स्कूल से आगे न्यूटेक इंडस्ट्री के साथ अंदर वाली सडक पर बहुत सारी मैन्यु0 एवं एक्सपोर्ट इकाईयां है यहां की सडके और नालियां बहुत खराब स्थिति में है, जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है समस्या समाधान का अनुरोध किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि पन्द्रहवें वित्त आयोग की बैठक में स्वीकृति उपरांत कार्य शुरू कराया जायेगा। मै0 बिरला एयरकॉन एवं नवीन इलेक्ट्रिकल्स द्वारा बताया गया कि उनकी इकाई के सामने वाली सडक पर आरआरटीएस द्वारा रैपिड रेल हेतु अंडरग्राउंड पिलरो का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे इकाई की बिल्डिंग में दरार आ रही है। इकाई स्वामी द्वारा इस कारण से हो रही क्षति की प्रतिपूर्ति की मांग एवं इसके समाधान का अनुरोध किया गया था, जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 बिरला एयरकॉन द्वारा बिल्डिंग की ड्राइंग एनसीआरटीसी को 02 दिसम्बर 2024 को उपलब्ध कराई गई थी तत्क्रम में ड्राइंग को डीओसी/मै0 एफकॉन संरचना विशेषज्ञ को विश्लेषण हेतु भेज दिया गया है, विश्लेषण रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी, मेरठ जनपद के औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदारों ने ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा कर किया खनन

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** एक तरफ गंगा एक्सप्रेस-वे बनने से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी,इसी के साथ-साथ लोगों काफी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है क्योंकि गंगा

- **ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से की शिकायत**
- **अवैध खनन को लेकर खनन अधिकारी द्वारा सी डीएस कंपनी को नोटिस किया जा रहा है जारी**

एक्सप्रेस-वे पर मिट्टी डालने वाले डंपरों ने गांवों के सभी लिंक रोड़ों को जमीन दोज कर दिया लोवर लोड मिट्टी के डंपरों से उड़ती धूल से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

**खास बात क्या**

गंगा एक्सप्रेस-वे को बनाने वाली कंपनी सी डी एस का कारनामा सामने आया है,बहजोई विकास खंड

अवैध खनन को दिखाते प्रधान पति व सीडीएस कंपनी द्वारा किया गया अवैध खनन

के गांव सिंह पुर में अवैध रूप से ग्राम पंचायत की भूमि पर कब्जा कर खनन कर लिया जिसका गाटा संख्या 109बताई जा रही है।

ग्राम प्रधान को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की उन्होंने कहा की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहना है ग्राम प्रधान का**

ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी अधिकारी से को शिकायत पत्र के जरिए अवगत कराया कि गांव की नवीन परती व चकमार्ग गाटा संख्या 109कीभूमि पर गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदारों ने अवैध कब्जा कर खनन कर लिया है उन्होंने लेखपाल पर आरोप लगाते हुए बताया कि हल्का लेखपाल भी इस पूरे मामले में ठेकेदारों से हम साज है ग्राम प्रधान ने आरोपीयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जब इस बारे में खनन अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया की लेखपाल द्वारा जांच कर दस्तावेज दिये गये है अवैध खनन करने वाली सीडीएस कंपनी के खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है उसकी बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी।

**बर्जनः**

लेखपाल द्वारा अवगत कराया गया है, ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध खनन करने वाली कंपनी सीडीएस के खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है, उसके बाद जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी।

**मौहम्मद हलीम खनन अधिकारी संभल।**

# पीएम से चर्चा के लिए उत्साहित नहीं विद्यार्थी, 40 फीसदी भी नहीं हुए आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं/बरेली।** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए बरेली मंडल से 4,51,517 लक्ष्य के सापेक्ष 1,28,360 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। इसमें सर्वाधिक छात्र-छात्राएं बदायूं के हैं।




आगामी बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर विद्यार्थियों को तनावमुक्त बनाने और उन्हें सफलता का मंत्र देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष आठवें संस्करण में प्रतिभाग करने के लिए 14 दिसंबर से ऑनलाइन पंजीकरण किए जा रहे हैं। बरेली मंडल से 4,51,517 लक्ष्य के सापेक्ष 1,28,360 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। इसमें बदायूं के सर्वाधिक 39,978 आवेदन हुए हैं, जबकि पीलीभीत के विद्यार्थी इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं।

डीआईओएस देवकी सिंह के अनुसार, बरेली में 1,49,654 लक्ष्य के सापेक्ष 53,515 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें यूपी बोर्ड के 49,763 विद्यार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करेंगे। साथ ही, विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

**ऐसे करें पंजीकरण**

इसमें प्रतिभाग करने के लिए छठी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी innovateindia1.mygov.in पर 14 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभाग से पूर्व विद्यार्थियों को ऑनलाइन होने वाली एमसीक्यू (मल्टिपल च्वॉइस क्वेश्चंस) प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखानी होगी। शिक्षकों और अभिभावकों को भी इसमें प्रतिभाग करने के लिए परीक्षा देनी होगी।

**आवेदन करने में यूपी बोर्ड के विद्यार्थी आगे**

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए पंजीकरण में मंडल में सबसे खराब स्थिति पीलीभीत की है। आवेदन शुरू होने के 19 दिन बाद भी यहां के मात्र 9,173 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। आवेदन करने वालों में यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों की संख्या सबसे अधिक है। सीबीएसई की ओर से आवेदन के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के बाद भी विद्यार्थी इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं।

**जिला वार पंजीकरण के आंकड़े**

| जिला | लक्ष्य | पंजीकरण | यूपी बोर्ड | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| बदायूं | 1,08,409 | 39,978 | 37,251 | 36.88 |
| बरेली | 1,49,654 | 53,515 | 49,763 | 35.76 |
| शाहजहांपुर | 1,25,449 | 25,694 | 24,572 | 20.48 |
| पीलीभीत | 68,005 | 9,173 | 8,410 | 13.49 |
| लखीमपुर | 1,50,485 | 35,356 | 32,111 | 23.49 |

नोटः आंकड़े विभाग से प्राप्त, एक जनवरी 2025 दोपहर एक बजे तक के हैं।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

## विपरीत परिस्थितियों में डटकर करें विरोधी का सामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** गुरुवार को नगर के संभाल गेट स्थित बीएमजी इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी के दिशानिदेशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर सामना कर सकें, जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी काजल ने बेसिक किक, फ्रंट किक, हुक पंच की ट्रेनिंग दी, इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित हो रही हैं, जो बहुत ही उत्साहित हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के



हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मौसम का बदला मिजाज, तेज ठंड से बचने को लिया अलाव का सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** जनवरी माह आते ही मौसम का बदला मिजाज ठंड ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है ऐसे में सुबह के समय दफ्तर आने जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

इससे निजात पाने के लिए लोग गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा नगर के गौशाला रोड स्थित संयुक्त चिकित्सालय के परिसर में देखा गया। जहां चंद लोग नगर पालिका द्वारा लगाए गए अलाव पर हाथ तापकर ठंड से निजात पाने का प्रयास करते दिखाई दिए ।ऐसे में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है साथ ही नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पर अलाव की अच्छी व्यवस्था भी की जा रही है।




# एसएसपी कार्यालय के सामने आत्मदाह मामले में लापरवाही के चलते तीन पुलिसकर्मी निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** एसएसपी कार्यालय परिसर में युवक द्वारा खुद को आग लगाने के मामले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों पुलिसकर्मी गणना मुंशी के पद पर तैनात थे। इन्होंने एसएसपी कार्यालय पर बुधवार को पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई थी।

ज्ञात हो कि कल एसएसपी कार्यालय पर आत्मदाह की कोशिश करने के बाद अस्पताल में पहुंचकर युवक ने गंभीर आरोप पुलिस व नेताओं पर लगाए थे। सीओ सिटी, सदर कोतवाल व नगर विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए युवक बोला कि उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया है। सीओ सिटी ने डोडा में जेल भेजने की धमकी दी। फोन करके विधायक महेश गुप्ता ने पुलिस पर आरोपियों पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया। अस्पताल में स्ट्रेचर पर ले जाते समय एसएसपी के सामने बोला- मेरे बयान दर्ज करो, लेकिन पुलिस ने




उसे इलाज के लिए भेज दिया। पुलिस कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास करने वाले नई सराय निवासी गुलफाम को जिला अस्पताल से जब रेफर किया जा रहा था तब स्ट्रेचर से एंबुलेंस की तरफ ले जाते समय उसे अपनी जान की परवाह नहीं थी। शरीर की खाल उधड़ी पड़ी थी। बावजूद इसके वह चीख-चीखकर कह रहा था कि कोतवाल ने गद्दारी की है। नगर विधायक का नाम भी उसने लिया। वह 60 फीसदी से ज्यादा झुलस गया। उसका उपचार बरेली के अस्पताल में चल रहा है। घटना में पुलिस की लापरवाही सामने आई।

**अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की नहीं लगाई थी ड्यूटी**

बताया गया है कि एसएसपी कार्यालय पर पुलिस लाइन से प्रत्येक दिन अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगती है लेकिन बुधवार को कार्यालय पर ड्यूटी नहीं लगाई गई। इसके पीछे वजह मानी जा रही है कि कुंभ मेले में पुलिसकर्मियों के जाने के कारण लाइन में पुलिसकर्मियों की तैनाती कम रह गई।

पुलिसकर्मियों की ड्यूटी न लगाने के चलते एसएसपी ने गणना मुंशी सोनू कुमार, दक्ष चौधरी और अर्जुन सिंह को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

# तीन दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत युवा कल्याण विभाग ,बदायूं के तत्वाधान में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम बहेड़ी, बदायूं में किया गया। जिसके अंतर्गत पहले दिन एथलेटिक्स एवं कबड्डी (बालक एवं बालिका) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव के कर कमलो द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया तथा राष्ट्रीय स्तर पर जिला बदायूं का नाम रोशन करने के लिए



प्रोत्साहित किया एवम शपथ भी दिलाई तथा युवा कल्याण विभाग, बदायूं द्वारा ग्रामीण आंचल से प्रतिभाएं खोज कर लाने हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की।

प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ (सब जूनियर वर्ग) पुरुष में प्रथम स्थान राधेश्याम 800 मी दौड़ में रामू पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवम 100 मीटर दौड़ (सब जूनियर वर्ग) महिला में प्रथम स्थान काजल ने तथा 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान दीक्षा ने प्राप्त किया। लंबी कूद में प्रथम स्थान अनामिका ने 100 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग) पुरुष में प्रथम स्थान राहुल यादव ने 400 मीटर दौड़ने प्रथम स्थान रामदेव ने प्राप्त किया 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विपिन यादव ने प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग) में प्रथम स्थान मोनू यादव ने प्राप्त किया ।जबकि 100 मीटर दौड़ में (सीनियर वर्ग) महिला प्रथम स्थान अंजली यादव ने प्राप्त किया। कबड्डी सब जूनियर वर्ग महिला में प्रथम स्थान उसावा ब्लॉक द्वितीय स्थान मियांऊ ब्लॉक ने प्राप्त किया। कबड्डी में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान आसफपुर ब्लाक ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन पवन शंखधार ने किया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री अमित रिछारिया एवम समस्त विकास खंड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी एवम जिला खेल पीटीआई श्री राम दास यादव ,पीटीआई ज्योति सक्सेना ,पीटीआई रामऔतार,सत्यवीर यादव कंचन आदि कब्बड्डी एवम एथलेटिक्स के जिला सचिव मधुकर मिश्रा एवं परवेज गाजी उपस्थित रहे।

# स्टार फार्मा की टीम ने 102 रन बना कर की जीत हासिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के हनुमान



ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में स्टार फार्मा और यंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया । टॉस स्टार फार्मा ने जीता और पहले बोलिंग करने का निर्णय लिया। और बैटिंग करने उतरी यंग क्रिकेट क्लब की टीम 20 ओवर में 101 पर ऑलआउट हो गई ।यंग क्रिकेट क्लब की ओर से आलम खान 29 , शोएब मलिक 16 और अंश भाटिया 15 रन का योगदान दिया । स्टार फार्मा की ओर से आरिफ सैफी ने 4, विकास माथुर ने 2 और नाज़िम ने 2 विकेट लिए ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार फार्मा की टीम ने 13 ओवर में 5 विकेट खोके 102 रन बना के लक्ष्य को हासिल कर लिया ।स्टार फार्मा की ओर से शादाब नबी ने 36 और नाज़िम ने 24 रन बनाये । यंग क्रिकेट क्लब की ओर से असद ने 2 विकेट और शोएब मलिक ने 2 विकेट लिया ।

स्टार फार्मा ने 5 विकेट से मैच जीत लिया ।आज के मैन ऑफ द मैच आरिफ सैफी ने दिया । शुक्रवार का मैच महाकाल इलेवन और कृष्णा इलेवेन के बीच 10 बजे खेला जाएगा । मैच के दौरान कपिल गुप्ता,दिनेश प्रेमी,संचित अग्रवाल ,पुलेन्द्र यादव , मोहित पंजाबी , चंदन माली , बॉबी यादव , मुकेश मैया, कमलकांत,जितनेंद्र लारा , कृष्णा यादव , हरिओम यादव ,प्रहलाद यादव आदि मौजूद रहे ।

# नए सपनों और नए लक्ष्यों के साथ करें नववर्ष की शुरूआत : अजित सिंह


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** इंडियन अमेरिकन बिजनेस काउंसिल के चेयरमैन व सुप्रसिद्ध समाज सेवी अजित सिंह ने लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनको नववर्ष की महत्ता से अवगत कराया। कहा कि नववर्ष एक ऐसा अवसर प्रदान करता है, जिसमें हम अपनी बुरी आदतों को त्यागकर और अच्छी आदतों को धारण करने का संकल्प लेते है। कहा की नववर्ष एक ऐसा समय होता है जब लोग नई योजनाएं बनाते है और पुरानी गलतियों से सीख लेकर आने वाले जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करते है। उन्होंने लोगों से जीवन को बेहतर बनाने के लिए सुबह जल्दी उठने, व्यायाम करने, अध्ययन करने, विपरीत परिस्थिति में संयम धारण करने और हमेशा खुश रहने को कहा। कहा कि अलग-अलग संस्कृतियों में नववर्ष अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है, लेकिन सभी नववर्ष अपने साथ खुशियों और उमंग को लेकर आते है। नववर्ष हमारे लिए उम्मीद, चिंतन और नई शुरूआत का समय होता है और लक्ष्य निर्धारित करने और बड़े सपने देखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी नववर्ष 2025 को यादगार बनाये और सभी को साथ लेकर चलें। हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करें, दूसरो की भलाई करें और दृढ़ इच्छाशक्ति से अपने जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें।

# बेटी ने पिता से 20वीघा जमीन नाम करा पिता को किया गायब,बेटे ने लगाया आरोप, पीड़ित ने कप्तान से लगाई न्याय की गुहार, पिता से मिलने की जताई इच्छा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** भाई बहन का रिश्ता एक पवित्र रिश्ता है माता-पिता अपने बच्चों में आपसी एकता बनाए रखना चाहते हैं लेकिन यहां पर एक अलग ही मामला देखने को मिला है आपको बताते चलें कि की संतोष सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी लाइनपार मझोला जनपद मुरादाबाद ने पुलिस अधीक्षक को दिए हुए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी बड़ी बहन सुमन पत्नी प्रदीप चौहान निवासी रायपुर कला ने मेरे पिता को बहला फुसलाकर धोखे से उनकी 20 बीघा जमीन अपने नाम करा ली है। पीड़ित



संतोष ने बताया कि हमारी मां की मृत्यु हुई 25 वर्ष हो गए हैं हम चार भाई बहन हैं हमारी बड़ी बहन सुमन पिताजी को अपने साथ अपने घर ले गई और वहां से उसने धोखे से डरा धमका कर 20 बीघा जमीन अपने नाम कर ली जब हमें पता चला तब हमने अपनी बहन से पूछा तो वह झूठ बोलने लगी कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कराया है उसके बाद जब हमने अपने पिताजी से संपर्क करने की कोशिश की तो हमारा उनसे कोई भी संपर्क नहीं हो पायो जब हमने अपने बहन बहनोई से पिताजी से बात कराने को कहा तो तो उन्होंने हमें जान से मारने की धमकी दी, और पिताजी के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी `इस घटना को 15 दिन से भी ज्यादा हो चुका है परंतु अभी तक हमारे पिताजी कीकोई भी खबर नहीं है।

**खुदाई को रोका** — ऐतिहासिक बावड़ी की खुदाई को 13 दिन हो चुके हैं जिसमें अभी तक 25 सीढ़ियां निकाली जा चुकी हैं

# ए.एस.आई की टीम ने बावड़ी की खुदाई को रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला लक्ष्मनगंज में मिली ऐतिहासिक बावड़ी की खुदाई को 13 दिन हो चुके हैं जिसमें अभी तक 25 सीढ़ियां निकाली जा चुकी हैं। एक दिन पूर्व जब नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा जब बावड़ी से मिट्टी निकाली जा रही थी। तब जैसे ही दूसरी मंजिल की खुदाई शुरू हुई, तो उसमें गैस सी निकलने लगी जिसके कारण मजदूरों को परेशानी होने लगी। लगातार खुदाई के कारण दूसरी मंजिल की बावड़ी साफ नजर आयी। जिसमें प्रथम तल पर लाल फर्श दिखाई दिया जिसमें मुगलकालीन कोटिंग साफ दिखाई दिया। वहीं




नक्काशीदार गेट सामने नजर आने लगे। लोगों का कहना था कि कुआं एवं एक मंजिल अंदर मौजूद है। इधर नगरपालिका लगातार मिट्टी की सफाई करा रही है जिससे लगभग बावड़ी की 20 साढ़ियां नजर आने लगी है। इधर एएसआई ने बावड़ी के अंदर प्रवेश कर निरीक्षण किया। साथ ही अधिशासी अधिकारी को जानकारी दी है कि बावड़ी काफी पुरानी है। अंदर नमी के कारण जर्जर हो रहा है। कभी भी प्रथम तल ढह सकता है। जब एएसआई टीम द्वारा बताया गया कि वर्तमान परिस्थितियों में बावड़ी में खुदायी के काम को रोक दिया गया है। गुरुवार को बावड़ी के अंदर मिट्टी निकालने का कार्य बंद कर दिया गया। हालांकि बावड़ी का प्रथम तल बिल्कुल साफ हो गया है। इधर सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को अंदर प्रवेश करने पर पुलिस रोक रही है।

# फाइनेंस कंपनी के मुख्य प्रबंधक के खिलाफ हुए गैर जमानतीय वारंट जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** जिला उपभोक्ता आयोग जनपद संभल ने श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी के मुख्य प्रबंधक द्वारा आदेश का पालन न किए जाने के कारण उनके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किए हैं मामला बबराला निवासी अरुण कुमार वर्मा का हैं जिन्होंने एक वाहन श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी से प्राप्त किया था और उसकी कीमत भी अदा की परंतु 2 साल से अधिक का समय बीत जाने के उपरांत हुई उनके नाम कंपनी द्वारा वाहन अंतरित नहीं किया गया जिस कारण उन्होंने अपना वाहन अलीगढ़ में फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पर जमा कराया और अपनी जमाधान राशि की मांग की तो विपक्षी द्वारा निरंतर टालमटोल किया जाता रहा जिस पर उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया जिन्होंने उनकी बात को रखते हुए जिला उपभोक्ता आयोग में एक परिवाद आयोजित किया आयोग द्वारा विपक्षी श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस



कंपनी को आदेशित किया गया कि वह उसकी कीमत मय वार्षिक ब्याज सहित तथा बाद व्यय और आर्थिक क्षतिपूर्ति अंदर दो माह में अदा करें परंतु विपक्षी द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो अरुण कुमार वर्मा ने पुनः अपने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया जिन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में आदेश का अनुपालन न करने के लिए बाद आयोजित किया आयोग द्वारा विपक्षी को तलब कर उनसे पूछा गया कि आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया तो उन्होंने कहा कि हमने अपीलयोजित की है जिस पर अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने कहा की अपील में कोई भी स्थगन आदेश आयोग के आदेश के संबंध में नहीं दिए गए हैं ऐसी स्थिति में विपक्षी के विरोध गैर जमानतीय वारंट जारी कर आदेश का अनुपालन कराया जाना चाहिए जिला उपभोक्ता आयोग ने विपक्षी द्वारा आदेश का अनुपालन न करने के कारण कंपनी के मुख्य प्रबंधक के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किए गए हैं।

## नया साल 2025 के आगमन पर श्री बालाजी महाराज कीभजन संध्या का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**शामली** । श्री बालाजी धाम सेवा समिति करनाल रोड शामली द्वारा आयोजित नया साल 2025 के आगमन पर मंदिर प्रांगण में बालाजी महाराज भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बालाजी महाराज को भजनों का गुलदस्ता भेंट किया गया। जिसमें मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। और यजमान वरुण संगल, मुकुल सिंघल, अंकुश बंसल, राजीव गोयल सभासद, दीपक गर्ग, सोनू कुमार, रजनीश गोयल ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पंडित पीयूष शर्मा ने विधि विधान से यजमान परिवार को पूजा अर्चना कराई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संजय वर्मा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया। बालाजी मेरे घर आना बालाजी का श्रंगार बड़ा प्यारा लागे। कमलकांत बंसल, हरीश नामदेव, अनिल वर्मा, सचिन नामदेव, योगेश वत्स, आदि ने बालाजी के भजनों का गुणगान किया। कार्यक्रम में अपार भीड़ रही। और भजनों को सुनकर सब भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर यजमान परिवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# समाजसेवी हरखचंद नाहटा के स्मृति में जारी होगा 25 रुपए का स्मारक सिक्का

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रख्यात समाजसेवी, उद्यमी, परोपकारी एवं सम्पूर्ण जैन समाज के शीर्ष नेता एवं भामाशाह श्री हरखचंद नाहटा कि स्मृति में भारत सरकार ने उनके 25वें स्मरणोत्सव पर 25 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय लिया है। इस सिक्के को जारी करने के संबध में 31 मार्च 2024 को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने गजट अधिसूचना भी जारी कर दी है तथा 2 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी के दिन बीकानेर में इस 25 रुपए के स्मारक सिक्के का भव्य रूप में समारोहपूर्वक अनावरण होगा। हालांकि 25 रुपए का यह स्मारक सिक्का प्रचलन में नहीं आएगा, अनावरण के बाद भारत सरकार की मुम्बई टकसाल इस सिक्के को बिक्री करेगी।
इस सिक्के को जारी करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध मुद्रा विशेषज्ञ बीकानेर के सुधीर लुणावत के अनुसार भारत सरकार की मुंबई टकसाल द्वारा बनाए गए इस 25 रुपए के सिक्के का कुल वजन 40 ग्राम होगा जो शुद्ध चांदी का बना होगा। सिक्के की कुल गोलाई 44 मिलीमीटर होगी। सिक्के के अग्र भाग पर हरखचंद नाहटा के चित्र के ऊपरी परिधि पर हिंदी तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में ह्यश्री हरखचंद नाहटा का 25वां स्मरणोत्सव लिखा होगा। चित्र के दाएं और बाएं उनके






जीवनकाल को दशार्ने के लिए क्रमशः 1936-1999 लिखा होगा तथा चित्र के नीचे 25वें स्मरणोत्स का वर्ष 2024 अंकित होगा। वहीं सिक्के के दूसरी तरफ अशोक स्तंभ के प्रतीक चिन्ह के साथ मूल्यवर्ग 25 लिखा होगा, जिसके दाएं और बाएं हिंदी तथा अंग्रेजी में भारत लिखा होगा। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी दिल्ली सभा के अध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया एवं श्री ललित कुमार नाहटा ने बताया कि विराट व्यक्तित्व के धनी श्री हरखचंद नाहटा पर भारत सरकार द्वारा स्मारक सिक्का जारी करने के फैसले से समूचे जैन समाज में खुशी की लहर व्याप्त है। विदित हो स्मरणोत्सव पर जारी होने वाले सिक्के का अंकित मूल्य उस प्रसंग के अनुरूप रखा जाता है जबकि उसका वितरण अलग कीमत पर किया जाता है। यह सिक्का भी 25वीं पुण्यतिथि पर जारी किया जा रहा है इसलिए इस पर अंकित कीमत 25 रुपए है जबकि 99.9 प्रतिशत चांदी से बनने वाले इस सिक्के की अनुमानित कीमत करीब 6000 रुपये होगी। सन् 1936 में बीकानेर के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे श्री हरखचंद नाहटा एक सामाजिक नेता और परोपकारी उद्यमी थे। जीवनभर देशभर की अनगिनत शीर्ष सामाजिक और धार्मिक संस्थानों के कार्यों में सक्रिय रूप से सम्मिलित होकर सामाजिक कल्याण, धर्म, कला-संस्कृति और जीवदया के प्रचार-प्रसार में व सार्वजनिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने पैतृक व्यावसायिक क्षेत्रों में विविधता लायी और आदिवासियों के जीवन की विकट चुनौतियों का समाधान करने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के धर्मनगर शहर से अगरतल्ला तक सड़क बनाने जैसी भागीरथी पहल की। श्री नाहटा प्रारंभ में कोलकाता, त्रिपुरा एवं असम को अपनी कर्मभूमि बनाया और सन 1971 में दिल्ली आ गए। कला और संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को तब दुनिया ने देखा जब टेक्नीशियन स्टूडियो, कोलकता तंगी और बदहाली के कारण जब बंद होने की कगार पर था एवं उसके कर्मियों तथा तकनीशियनों के अनुरोध पर श्री नाहटा ने इसमें कदम रखा तथा दृढ़ इच्छाशक्ति और अपने कुशल प्रबंधन द्वारा इसे पुनर्जीवित किया तथा इसे एक सफल उद्यम में रूपांतरित किया। नाहटा के प्रबंधन के बाद इस स्टूडियो में कई राष्ट्र पुरस्कार विजेता फिल्मों का निर्माण हुआ। उल्लेखनीय है कि उन्होंने सिने टेक्नीशियनों और कलाकारों को बिना पैसे लिए इसमें भागीदार बनाया और उनकी कला को प्रोत्साहित किया।

# जिला टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**शामली।** गुरूवार को शहर के कैराना रोड स्थित एक रेस्तरां में जिला टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डा. आदिश अग्रवाल ने कार्यकारणी को शपथ दिलाते हुए बार एसोसिएशन के हित में कार्य करने का आहवान किया। गुरूवार को शहर के कैराना रोड स्थित रेस्तरां में जिला टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. आदिश अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि हर्ष शर्मा व प्रेम सुंदर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान अतिथि द्वारा कई कार्यकारणी के अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष देशपाल सिंह, सचिव अनुज कुमार व कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष विक्रांत भार्गव ने पूरे वर्ष बार हित में किए गए कार्यो का ब्योरा रखा। लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने विकास शर्मा ने कहा कि वह जिला टैक्स बार एसोसिएशन के हित में कार्य करते हुए सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर कार्य करेगे। वह अधिवक्ता हित के लिए रात दिन कार्य करेगे। इस दौरान एक युवती छात्रा मां काली की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर जीएसटी उपायुक्त लोमेश कुमार, उपायुक्त विजय कुमार, असिस्टेंट कश्मिनर धीरेन्द्र रावत, अनुराग गौड, मुनव्वर हसन, सनुज शर्मा, नीरज शर्मा, संदीप चौहान, ओमबीर सिंह, शेखर कुमार, अंशुल गर्ग, सचिन गोयल, सुरेन्द्र सैनी, अखिलेश कुमार, अजरा, उर्वशी आदि मौजूद रहे।

## एएमयू के पांच छात्रों को मिला प्लेसमेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । अमुवि के प्रबंधन और इंजीनियरिंग संकायों के पांच छात्रों को प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यालय (जनरल) द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से ईएफएस फैसिलिटीज सर्विसेज, दुबई द्वारा चयनित किया गया है, जो कि एमईएएसए और यूरोप के 25 देशों में संचालित एक प्रमुख मध्य पूर्व-आधारित बहुराष्ट्रीय कंपनी है।टीपीओ, साद हमीद ने बताया कि दुबई स्थित कार्यालय के लिए रिसोर्स पर्सन और संचालन पदों के लिए कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद चुने गए छात्रों में नशरा निसार (एमबीए), मोहम्मद समीर



(बीई), साद नकवी (बीई), सैयद तैमूर अली (बी.टेक.) और मोहम्मद अनस (बीई) शामिल हैं।

## बीता सालः योगी सरकार की मंशा पर खरी कानपुर के सीपी अखिल के जुझारु कार्यकाल की पूर्ण हुई वर्षगांठ, दर्जनों गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** यहां पुलिस कमिश्नरी का गठन अपराधियों के खिलाफ अपने इरादे के पूर्ण करने में सफल साबित हुआ है। इस बीच देश में पहली बार पत्रकार रूपी शातिर अपराधी गैंगस्टर अवनीश दीक्षित गिरोह के भंडाफोड़ समेत बड़ी संख्या में सटोरियों, जुआंड़ियों , बलात्कारियों, अपहरण

**घटनाओं के सटीक खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ देश में पहली बार पत्रकार रुपी अपराधी अवनीश गिरोह का भंडाफोड़ को लेकर चर्चा में रहा पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का कार्यकाल**

कताओं ,चोरों, लुटेरों ,राहजनों और वांक्षित इनामियों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी लूट का माल- नकदी ,तमंचे और कारतूस आदि की भी बरामदी की गई। बीते साल में अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता ने जान जोखिम में डालकर की गई मुठभेड़ में भी अनेक शातिरों को घायल कर जेल की हवा खिलाने में भी उल्लेखनीय और सराहनीय सफलता प्राप्त की। जिसने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में कानपुर को अव्वल भी साबित किया।
अपराधियों के खिलाफ संतोषजनक प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की हर सम्भव सहायता के मामले में इस पूर्णता का पूर्ण श्रेय भी यहां पुलिस कमिश्नर के रूप में नियुक्त चल रहे देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की दूरदर्शिता पूर्ण व्यवहार कुशलता और कठोर परिश्रम वाले कुशल नेतृत्व को ही जाता है।
खास बात यह भी कि कानपुर को जुझारू पुलिस कमिश्नर के रूप में हर दृष्टिकोण से सफलतम आई पीएस एडीजी अखिल कुमार की पहली वर्षगांठ मनाने का भी सौभाग्य मिला है। बीते साल की 3 जनवरी को कानपुर के पुलिस कमिश्नर बनाए जाने के बाद योगी सरकार की मंशा पर खरे उतारते हुए कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के



खिलाफ जनहित में सराहनीय सफलता का उनका क्रम लगातार जारी है।
इसी के साथ कानपुर के संदर्भ में बीता साल 2024 पत्रकारिता से अपराधियों के सफाए के लिए भी सदैव याद रखा जाएगा। जिसका पूर्ण श्रेय त्वरित निर्णय में अग्रणी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की निडरता यानी अदम्य साहस, उनकी निष्पक्षता, उनकी पारदर्शिता और उनके जुझारू स्वभाव को जाता है। वह देश के पहले आईपीएस हैं, जिन्होंने पत्रकार रूपी अपराधी माफिया गिरोह अवनीश दीक्षित को बेनकाब करने जैसा पत्रकारिता की हित में सराहना की सीमा तोड़ने वाला कार्य किया है। याद रहे कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पत्रकारिता की आड़ में हर तरह अपराध करने वाले इस तरह के शातिर माफिया गिरोह का भंडाफोड़ इसके पहले कभी नहीं किया गया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार ने अपराधियों के खिलाफ अबतक जिस तरह की सफल रणनीति अपनाई, उसके फलस्वरूप हर तरह के अपराधी, माफिया, चोर लुटेरे, राहजन और बलात्कारी आदि भी कानून के शिकंजे में फंसने से नहीं बच सके।
पुलिस सूत्रों की नजर में इस उपलब्धि के उल्लेखनीय और प्रशंसनीय श्रेय धारक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले यहां के जुझारू पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार की अगुवाई वाली पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से अपराध और अपराधियों पर अंकुश पाने की दिशा में जिस तरह की महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उससे आम जनता भारी राहत भी महसूस कर रही है।
इस बीच वर्षों पुरानी ट्रैफिक समस्याओं का भी पूर्ण समापन करते हुए सुगम यातायात भी उपलब्ध कराने के प्रयास में पूर्ण रूप से सफल सरल और शालीन स्वभाव के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाही में जन सहयोग के प्रति आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए लोगों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं।
याद रहे कि अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए भी चर्चित व्यवहार कुशल कठोर परिश्रमी यहां के पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार इसके पहले भी जहां भी पोस्ट रहे हैं, वहां पर भी अपनी सफेदपोश माफिया अपराधियों दलालों और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों को भी भरपूर सबक सिखाने में सफल रहे हैं। फिलहाल कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में सफलतम पुलिस कमिश्नर के रूप में कानपुर में 1 वर्ष पूरा कर चुके कठोर परिश्रमी जुझारू तेवरों वाले वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता से आम जनता भी भारी राहत से लवरेज भी चल रही है।

# जयपुर में आर्य युवक परिषद की प्रांतीय बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जयपुर।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद राजस्थान की प्रांतीय बैठक ओम आश्रम में सोल्लास सम्पन्न हुई। बैठक में डॉ. प्रमोद पाल को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद

**आर्य जन राष्ट्रीय भावना को मजबूत करे : राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**

राजस्थान का प्रान्तीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।उन्होंने घोषणा की कि परिषद युवा पीढ़ी को सुसंस्कारीत करने का अभियान तीव्र गति से चलाएगी। इसके लिए भाषण,निबंध प्रतियोगिता,खेल कूद,चरित्र निर्माण शिविरों का आयोजन करेगी।
दिल्ली से पधारे केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज राष्ट्र में दो धाराओं में संघर्ष चल रहा है।एक राष्ट्र बाद दूसरी टुकड़े करने वाली इसलिए आर्य जनों का कर्तव्य बनता है कि वह राष्ट्रवादी शक्तियों को मजबूत बनाये।उन्होंने कहा कि देश की आजादी की




लड़ाई में आर्य समाज का अत्यधिक योगदान रहा है और महर्षि दयानन्द से प्रेरणा लेकर अनेको नौजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। साथ ही उन्होंने यश पाल यश के निराश्रित लोगों की सेवा व आश्रय देने के कार्य को अद्भुत बताते हुए प्रशंसा की।कार्यक्रम का शुभारंभ यशपाल यश ने यज्ञ के साथ किया।प्रवीण आर्य पिंकी के मधुर भजन हुए।
इस अवसर पर पवन आर्य, आस्था आर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नये उत्साह के साथ सभी वापिस गये।

# प्रवीण कुमार को अवार्ड दिए जाने की घोषणा पर गांव मे की जश्न का माहौल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** गांव गोविंदगढ़ के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट प्रवीण कुमार को देश का सर्वोच्च खेल रत्न मेजर ध्यान चंद अवार्ड दिए जाने की घोषणा की खबर से गांव मे खुशी का माहौल है। लोग जश्न की तैयारियां कर रहे हैं और परिवार को बधाइयां दी जा रहीं हैं।
गांव गोविंदगढ़ निवासी प्रवीण के पिता अमरपाल सिचाई विभाग मे ट्यूबबेल ऑपरेटर हैं, अमरपाल ने बताया कि प्रवीण का एक पैर जन्म से ही छोटा है। जिसको लेकर उनके परिवार को उनके भविष्य की चिंता रहती थी और उसको लोग भी चिढ़ाते थे। जब वह गांव मे भी बच्चों के साथ खेलता था, तो उसको ताने मिलते थे, यहां तक के उनको स्कूल मे भी एक बार मना किया गया था। प्रवीण कुमार ने स्कूल मे ऊँची कूद मे हिस्सा लेकर सभी को







चौंका दिया और उन्होंने ऊँची कूद मे जाने का फैसला किया और देश का नाम रोशन करने की ठान ली। प्रवीण कुमार ने बताया कि उन्होंने 2016 मे जब वह कक्षा 9 मे पढ़ते थे तब सही से खेल की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने 2021 मे टोक्यो पैरालंपिक मे रजत पदक, 2022 मे एशियाई पैरालंपिक में स्वर्ण पदक और फिर 2024 मे पेरिस पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीत देश का नाम रोशन किया था। अब वह वार्ड पैरा एथलीट की तैयारी कर रहे हैं, जो सितंबर माह मे दिल्ली मे होगा।

कार्यवाही

## ग्रेटर नोएडा में चला बाबा का बुलडोजर

# 100 करोड़ की सरकारी जमीन को कराया कब्जामुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में भूमाफियाओं के खिलाफ एक बार फिर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 100 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। सिकंदरपुर डूब क्षेत्र में स्थित इस जमीन पर माफियाओं ने अवैध रूप से फार्म हाउस बना रखा था। गुरुवार को सदर एसडीएम और तहसीलदार की अगुवाई में प्रशासनिक टीम ने पुलिस बल और बुलडोजर के साथ इस अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। सिकंदरपुर डूब क्षेत्र, जो इकोटेक फर्स्ट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, में करीब 72 बीघा जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया था। इस जमीन का उपयोग अवैध फार्म हाउस बनाने के लिए किया जा रहा था। डूब क्षेत्र की यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है और इस पर निर्माण कार्य पूरी तरह से प्रतिबंधित है।अभियान की शुरूआत और नेतृत्व गुरुवार को सदर एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। इस अभियान में तहसीलदार और पुलिस बल की



मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया। पूरी कार्रवाई को प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया, जिससे 100 करोड़ रुपये की कीमत वाली सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जा सका। प्रशासन के अनुसार, इस जमीन पर माफियाओं ने लंबे समय से कब्जा कर रखा था और इसे लोटस फार्म हाउस नाम से प्रचारित कर रहे थे। यहां अवैध निर्माण के जरिए फार्म हाउस को किराये पर देने की योजना बनाई जा रही थी। इन अवैध गतिविधियों से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा था।प्रशासन द्वारा 72 बीघा जमीन पर बने सभी अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई से न केवल सरकारी जमीन को कब्जामुक्त किया गया, बल्कि भूमाफियाओं को एक सख्त संदेश भी दिया गया है कि अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस बारे में एसडीएम सदर चारुल यादव ने मीडिया से बातचीत में कहाः ह्लसरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। डूब क्षेत्र और अन्य सरकारी जमीनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों की जानकारी तुरंत अधिकारियों को दें।

## 31 तक भरे जाएंगे एएमयू में डिप्लोमा इंजीनियरिंग, स्नातक के फॉर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** एएमयू में कक्षा 9 व 11, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, स्नातक के परीक्षा फॉर्म 31 जनवरी तक भरे जाएंगे। विलंब शुल्क के साथ 7 फरवरी तक फॉर्म भरे जाएंगे। फॉर्म में संशोधन के लिए 8 फरवरी से 11 फरवरी तक विंडो खुली रहेगी। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) ने वर्ष 2025-26 का प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आज 2 जनवरी से परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। बीए की प्रवेश परीक्षा नौ अप्रैल और कक्षा 11, डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल को होगी।

## तेज रफ्तार कार ने युवक को चपेट में लेकर रौंदा, गई जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** तेज रफ्तार नेक्सॉन कार की टक्कर से सड़क पर खड़े व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पांच भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बताया जाता है कि मृतक युवक टप्पल से मथुरा जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे था तभी तेज रफ्तार कार से चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार ने युवक को चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। बताया जाता है कि मृतक युवक जेपी ग्रुप में काम करता था और फिलहाल टप्पल में चल रहे एक मकान निर्माण में कार्य कर रहा था। घटना थाना टप्पल के टप्पल इंटरचेंज की बताई जा रही है।

# संभल ने अमरोहा को हराकर क्रिकेट चैंपियनशिप जीती, डॉ कपिल सिरोही ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षकों का तृतीय मंडल स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट आज संभल व अमरोहा के बीच फाइनल मॅच खेला गया' टॉस जीतकर सम्भल टीम के कप्तान मनीष बेनीवाल ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जनपद अमरोहा की टीम ने 20 ओवर मे मात्र 124 रन का लक्ष्य दिया।जिसे संभल की टीम ने 14.4 ओवर मे मात्र 3 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया जिसमे सम्भल से संजय ने 51 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मनीष बेनीवाल तीन विकेट लेकर मेन ऑफ द मॅच रहे। टूनार्मेंट पिछले 15 दिनो से 6 जनपदों के बीच खेला जा रहा था जिसमे अमरोहा, मुरादाबाद,बिजनोर, संभल की टीमों ने प्रतिभाग किया।

टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन बीनू, बेस्ट बॉलर मनीष बेनीवाल व बेस्ट फील्डर मोहसिन रहे। विजेता सम्भल व उपविजेता अमरोहा को मुख्य अतिथि डॉ कपिल सिरोही व मुकेश चौधरी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# तीन दिन से लापता किसान परिवार के लोगों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने पर लगाया आरोप किया, हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** तीन दिन से लापता किसान के परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर हंगामा किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वासन देकर शांत कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार तिगरी गंगा धाम में नन्हे का परिवार रहता है। नन्हे खेती किसानी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बीती 31 दिसंबर की सुबह 7 बजे उनके ही परिवार के रहने वाले मेवाराम नन्हे को मछली पकड़ने के लिए कहकर घर से लेकर गए थे, मेवाराम तो अपने घर वापस आ गए थे, लेकिन नन्हे घर वापस नहीं लौटे तो परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार को पीड़ित परिवार वालों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि बावजूद इसके पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को गुस्से में आई ग्रामीण व परिवार के लोगों ने थाने में पहुंचकर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद थाने के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने परिवार के लोगों को बमुश्किल समझाया और आश्वासन दिया कि मामले में जांच पड़ताल कर जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर परिवार के लोग शांत हुए।





# एंटीबायोटिक इंजेक्शन के दो नमूने जांच में हुए फेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** लैब से आई रिपोर्ट के अनुसार औषधि विभाग को आशियाना स्थित एक दुकान से लिए गए एंटीबायोटिक इंजेक्शन के दो नमूने जांच में फेल मिले हैं। इस मामले में विभाग दुकानदार के खिलाफ परिवाद दाखिल करेगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने आशियाना स्थित मेडिकल स्टोर में पांच अक्तूबर 2024 को छापा मारकर दवाओं के तीन नमूने लिए थे। नमूनों को जांच के लिए लखनऊ स्थित लैब भेजा गया था। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दवाओं की रिपोर्ट विभाग को मिली है। इस बारे में ड्रग निरीक्षक उर्मिला वर्मा ने बताया कि मेरीपेनम नाम का एक इंजेक्शन नकली और दूसरा इंजेक्शन सब स्टैंडर्ड का पाया गया है। सिर्फ एक नमूना सही निकला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दुकानदार अकरम के खिलाफ स्थानीय अदालत में परिवाद दाखिल किया जाएगा।

# पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर , एक की घटनास्थल पर मौत दूसरा घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** छजलैट के गांव दाढी महमूदपुर के पास रात पिकअप की टक्कर से उमरी कलां चौराहा निवासी अयान ( 18 ) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अमरोहा देहात के गांव दवका निवासी उसका मौसेरा भाई कबीर घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कांठ थाना क्षेत्र के उमरी कलां चौराहा निवासी फारूक अहमद का बेटा अयान ( 18 ) शाम करीब साढ़े आठ बजे छजलैट थाना क्षेत्र के गांव दाढी महमूदपुर से बाइक से दूध लेकर घर जा रहा था। पीछे उसका मौसेरा भाई कबीर बैठा था। गांव दाढी महमूदपुर से निकलते ही उमरी कलां चौराहा की ओर से आए तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अयान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका मौसेरा भाई घायल हो गया। आरोपी चालक - पिकअप छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची छजलैट थाने की पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में मातम छा गया है। गमगीन माहौल में आज उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# नए साल पर भूलभुलैया का आनंद लेने पहुंचे सैकड़ो लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद कंपनी बाग के चिल्ड्रेन पार्क में करोड़ों की लागत से तैयार की गई भूलभुलैया नए साल के मौके पर शहरवासियों के लिए खास आकर्षण बन गई। नए साल की पूर्व संध्या और पहली जनवरी को भारी संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर इसका आनंद लिया। महज दो दिनों में 1,251 लोगों ने टिकट खरीदकर भूलभुलैया का आनंद लिया, जिससे निगम ने 62,500 रुपये की कमाई भी की।नए साल की पूर्व संध्या पर भूलभुलैया देखने के लिए कुल 661 लोग पहुंचे, जिससे 33,000 रुपये के टिकट की बिक्री हुई। पहली जनवरी को 590 लोगों ने टिकट खरीदे, जिससे 29,500 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। नए साल का स्वागत करते हुए लोगों ने भूलभुलैया को मनोरंजन के नए केंद्र के रूप में खासा पसंद किया।बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाओं सभी के लिए यह स्थल समान रूप से रोमांच का केंद्र बना रहा। लोग इसका आनंद लेने के लिए परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे। हालांकि, लोगों को भूलभुलैया का आनंद लेने के लिए मशक्कत भी करनी पड़ी और टिकट के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ा। लेकिन लोगों ने उत्साह के साथ लाइन में लगकर टिकट लिया और इस मनोरंजन स्थल का भरपूर आनंद उठाया।

# हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद के सर्वे की रिपोर्ट न्यायालय में सौंपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** संभल गुरुवार, दो जनवरी को कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव न्यायालय पहुंचे और उन्होंने सिविल जज सीनियर डिवीजन जनपद संभल स्थित चन्दौसी कोर्ट में रिपोर्ट पेश की। संभल शहर की जामा मस्जिद के स्थान पर हिंदू पक्ष द्वारा प्राचीन हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया है। जनपद न्यायालय द्वारा हिंदू पक्ष की याचिका पर मस्जिद के सर्वे के आदेश दिये। मस्जिद का सर्वे करने गई टीम व पुलिस पर 24 नवंबर 2024 को भड़काऊ भीड़ द्वारा पथराव किया गया। हिंसा में चार लोगों की मौत भी हो गई। प्रशासन अब दंगाईयों की पहचान कर कार्रवाई कर रहा है। इधर सर्वे की रिपोर्ट 09 दिसंबर को पेश की जानी थी परंतु कोर्ट कमिश्नर द्वारा स्वास्थ्य सही नहीं होने का हवाला देते हुए 15 दिन का और समय मांगा गया जो कि 24 दिसंबर को पूरा हो गया था लेकिन कोर्ट कमिश्नर ने उस दिन भी रिपोर्ट पेश नहीं की। गुरुवार, दो जनवरी को कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव न्यायालय पहुंचे और उन्होंने सर्वे की रिपोर्ट सौंपी। इस विषय में जानकारी देते हुए कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव द्वारा बताया गया कि उन्होनें सर्वे की रिपोर्ट न्यायालय में पेश कर दी है जो कि लगभग 40-45 पन्नों की है।



# उद्योग बंधु की बैठक: मालिक की सहमति के बिना खेत में नहीं लगाए जाएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंडलायुक्त ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी बिना किसी जानकारी के खेत में खंभा लगा देते हैं। इन खंभों को हटाने के लिए किसानों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अब बिजली विभाग जमीन मालिक की बिना सहमति के खंभे नहीं लगाएगा। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने शहर में गांगन नदी के किनारे कूड़ा कचरा जलाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांगन नदी के किनारे अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर कार्रवाई के लिए अपर नगर आयुक्त को जिम्मेदारी दी। अपर नगर आयुक्त ई-वेस्ट के पृथक्करण, वियोजन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग में खतरनाक वस्तुएं जैसे ब्लेड, नुकीली वस्तुएं इत्यादि के वियोजन संबंधी उचित कार्यवाही करना होगा। शिकायत मिलने पर मंडलायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पर नाराजगी जताई। उन्होंने एडिशनल कमिश्नर से प्रदूषण विभाग द्वारा जारी की गई अंतिम एनओसी की जानकारी मांगी। पता चला कि विभाग ने इस साल 26 लोगों को नोटिस जारी किया है। ई- कचरा की भट्टियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के खिलाफ काफी संख्या में किसानों ने शिकायत की है। आरोप लगाया है कि बगैर पूछताछ किए विद्युत ठेकेदार उनके खेतों में खंभे लगा देते हैं। खंभों को हटाने के लिए किसानों को महीनों विद्युत अधिकारियों का चक्कर लगाना पड़ता है लेकिन खंभे नहीं हटते हैं। मंडलायुक्त ने इस मामले में बिजली अधिकारियों को

जमीन मालिक से एनओसी लेना अनिवार्य कर दिया। साथ ही शासन को इस मामले में पत्र भेजने के लिए कहा है। डीएफओ ने बताया कि पीपीपी मोड पर डियर पार्क के संचालन के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।बैठक में प्लेज पार्क के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने तीन दिन में सभी विभागों को एनओसी जारी करने की हिदायत दी। बैठक में एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, डीएफओ सूरज, संयुक्त आयुक्त उद्योग अमरोहा, संभल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, विद्युत विभाग के अभियंता आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री ने दिए निदेर्श: नाबालिकों के ई रिक्शा चलाने पर रोक लगाई जाए, स्कूल कॉलेज में 6 से 10 जनवरी तक होगा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिया है कि किसी वाहन का बार-बार चालान होता है तो संबंधित व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस और परमिट निरस्त कर दिया जाएगा। इस कार्रवाई को फास्टैग से जोड़ा जाए। हादसे रोकने के लिए स्कूलों-कालेजों में छह से 10 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए मोटरसाइकिलों से ऊंची आवाज करने वाले मोडिफाई साइलेंसर और हॉर्न हटाए जाएं । नाबालिगों के ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाई जाए।मुख्यमंत्री ने यह निर्देश उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर साल 23 से 25 हजार मौतें सड़क हादसे में होती है। इससे राष्ट्रीय क्षति होती है। उन्होंने सभी जिलों में पांच जनवरी तक जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पूरी कर लेने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा माह सभी 75 जिलों में पूरा करा लिया जाए। हर माह जिलों में सड़क सुरक्षा की बैठक भी हो। सीएम ने निर्देश दिए कि जिलों में वो जगहें चिन्हित करें, जहां हादसे ज्यादा होते हैं। इनको खत्म करने की कार्ययोजना बनाएं।



# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, विरोध करने पर मौसी को दी जिंदा जलाने की धमकी, कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पति और उसके साथियों पर 15 वर्षीय भांजी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसने इस घटना का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जिंदा जलाने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर महिला के पति समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पाकबड़ा थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि वह अपने पति, बच्चों और बहन की 15 वर्षीय बेटी के साथ एक मोहल्ले में किराये के मकान में रहती है। नौ अक्तूबर की सुबह वह अपने बच्चों को लेकरबाजार से सामान खरीदने गई थी। घर में उसकी भांजी और पति मौजूद थे। महिला का आरोप है कि इसी दौरान पति ने डिलारी के पीपली उमरपुर अलियाबाद निवासी आजम अंसारी, ठाकुरद्वारा के रतूपुरा निवासी शाहने आलम और बिजनौर जनपद के चांदपुर निवासी शाहने सुल्तान को बुला लिया। किशोरी सभी के लिए चाय बना रही थी।आरोप है कि आजम अंसारी, शाहने आलम और शाहने सुल्तान ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने मौसा से मदद मांगी तो उसने कोई मदद नहीं की। महिला बाजार से घर लौटी तो पीड़िता बदहवास पड़ी थी। पूछताछ करने पर वह रोने लगी। इसके बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर उसने इस मामले की कहीं शिकायत की तो जिंदा जलाकर मार देंगे।पीड़िता का कहना है कि उसने इस मामले की शिकायत पाकबड़ा थाने में की लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद पीड़िता ने कोर्ट की शरण लेते हुए केस दर्ज कराने की मांग की। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति ने मनाया नववर्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति द्वारा के सभी सदस्यों ने नव वर्ष आगमन के उपलक्ष में एक दूसरे को बधाई दी साथ ही देश की सुरक्षा तथा विकास के लिए प्रार्थना की तथा मानव में मानवता जगाने के लिए अपने विचार विमर्श किये।

ग्रुप के सभी सदस्यों ने आगामी वर्ष में समाज सेवा तथा मानव सेवा के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये क्योंकि ग्रुप का उद्देश्य समाज सेवा तथा मानव सेवा है। तत्पश्चात लकी ड्रा पंक्चुअलिटी गेम्स डांस आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। और गए पुरस्कार दिए गए इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रही। अध्यक्ष इंदु अग्रवाल,क्षमा अग्रवाल,उषा वार्ष्णेय, कल्पना, रेखा, आशा ,अलका, अनुराधा, प्रीति ,मंजू ,अनु रस्तोगी, मीरा, मीना,, सीमा, रागिनी, उषा ,शिखा, शोभा, नीलम, मनीषा ,कविता, प्रतिमा,, प्रतिभा, रितु, गार्गी, माधुरी,निशा, चंचल बीना आदि ।



# टीएमयू नर्सिंग स्टुडेंट्स ने दिए वायु प्रदुषण से बचाव के टिप्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा की राष्ट्रीय सेवा योजना - एनएसएस इकाई ने वायु प्रदूषण और उससे जुड़े स्वास्थ्य खतरों के प्रति ग्राम फत्तेहपुर विश्नोई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएसएस स्वयं सेवकों ने लघु नाटिका- भूमिका के जरिए वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों को रोचक तरीके से ग्रामीणों को समझाया। स्टुडेंट्स ने बताया, वाहनों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाना, प्लास्टिक के उपयोग और जलने से उत्पन्न जहरीली गैसें वायु प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। इनसे श्वसन रोग, फेफड़ों का संक्रमण, हृदय रोग और बच्चों में विकास संबंधी समस्याएं होती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। कचरे को जलाने की बजाए उसका सही तरीके से निपटान करना होगा। सार्वजनिक परिवहन और साइकिल का अधिक उपयोग करना के साथ-साथ पर्यावरण-अनुकूल ईंधन को अपनाना होगा। एनएसएस स्वयं सेवकों के विलेज रवाना होने से पूर्व नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन ने कहा, स्वयं सेवक केवल समाज सेवा नहीं करते, बल्कि समाज में बदलाव की प्रेरक शक्ति बनते हैं। यह कार्यक्रम स्टुडेंट्स को केवल ग्रामीणों को शिक्षित करने का अवसर नहीं देगा, बल्कि सामुदायिक सेवा के महत्व समझने का भी अवसर देगा ग्राम प्रधान श्री राहुल विश्नोई ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम न केवल लोगों को जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी बनाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. वरुण तोषनीवाल, समन्वयक श्री मुकुल कुमार के संग-संग एएनएम फर्स्ट एंड सेकेंड ईयर छात्राएं- आरती देवी, हिमानी चौहान, ज्योति कुमारी, सुनीता शर्मा, प्रीति चौधरी, आकांक्षा पाल, मोनिका रानी, महक मौर्य आदि मौजूद रहीं।



# छजलैट सहित तीन विद्यालयों को नए शिक्षा सत्र में मिलेगा भवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ।** नए शिक्षा सत्र में तीन परिषदीय विद्यालयों को भवन मिल जाएंगे' शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दावा किया है कि जिले में नए साल में बेहतर कार्य होंगे। साथ ही तीन विद्यालयों के बच्चों को अपना नया भवन मिल जाएगा। परिषदीय विद्यालयों की सूरत बदलने का लगातार प्रयास हो रहा है। इस बार जिले के तीन विद्यालय के बच्चों को अपना नया भवन मिल जाएगा। उच्च प्राथमिक विद्यालय छजलैट, उच्च प्राथमिक विद्यालय गक्खरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बथुआखेड़ा नए सत्र से अपने मूल भवन में संचालित होंगे।

इन विद्यालयों का मूल भवन जर्जर होने के कारण यहां कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। इन विद्यालयों में करीब एक हजार से ज्यादा बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीएसए, विमलेश कुमार के अनुसार नए सत्र से भवन मिल जाएंगे।

# छजलैट निवासी मानवाधिकार आयोग का फर्जी अध्यक्ष गाजियाबाद में गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र निवासी अनस मलिक आयोग का अध्यक्ष बताकर दो दिवसीय भ्रमण के दौरान एस्कॉर्ट, यातायात और सुरक्षा आदि की व्यवस्था कराने को उसने गाजियाबाद प्रशासन को पत्र लिखा था। आयोग में इस नाम के अध्यक्ष की पुष्टि नहीं हुई। क्राइम ब्रांच टीम ने बुधवार को 10वीं पास और छतों पर सीलिंग का काम करने वाले फर्जी अध्यक्ष अनस मलिक को गिरफ्तार कर लिया है।एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद राय के मुताबिक अनस मलिक अपने साथ एर्टिगा कार, साफा और सफेद वर्दी सहित अर्दली और निजी सचिव भी रखता था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनस मलिक पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम शाहपुर मुबारकपुर कोकरपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद बताया। बताया कि वह छत की सीलिंग का काम करता है। पुलिस भर्ती के दौरान उसने कुछ युवकों से सरकार में अच्छी पकड़ होने और मानव अधिकार न्याय आयोग का अध्यक्ष बताकर नौकरी लगवाने की एवज में रुपये लिए थे। पिछले छह माह से वह तहसीलों, थानों और सरकारी कार्यालयों में लोगों के काम कराने पहुंचता था और इसकी एवज में लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रुपये ऐंठता था। फर्जी लैटर पैड पर राष्ट्रीय चिन्ह अशोक की लाट, नीति आयोग व अध्यक्ष मानव अधिकार न्याय आयोग उत्तर प्रदेश का फर्जी लैटर पैड बनाकर लोगों पर रौब गालिब करता रहता था। बरामद कार पर ह्यूमन राइट लिखा है और अध्यक्ष की नेम प्लेट लगाकर चलता था। आरोपी की कार से अर्दली लिखा पीतल का लोगो, दो सिपाहियों के फर्जी एडमिट कार्ड, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट, अलग-अलग लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ-साथ अर्टिगा कार भी बरामद की गई है।



कीर्तन

## नगर कीर्तन शोभायात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा स्थित आजाद रोड से किया गया

# सिख समाज द्वारा नगर में धूमधाम से निकाला गया नगर कीर्तन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** गुरुवार को नगर में सिक्ख समाज के लोगों द्वारा नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें पंजाब से आयी गतका पार्टी व अन्य कलाकारों ने अपने अपने करतब दिखाये। नगर कीर्तन शोभायात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा स्थित आजाद रोड से किया गया। बताया गया कि यह शोभायात्रा सिक्खों के गुरु गोविंदसिंह के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे सिख समुदाय के वरिष्ठ लोग घोडे. पर बैठे हुए चल रहे थे। इसके बाद बच्चे पंच प्यारे के वेशभूषा में सजे हुए चल रहे थे। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा में गतका पार्टी के कलाकारों द्वारा हैरतंगेज करतब दिखाये गये। शोभायात्रा को देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ मौजूद रही। शोभायात्रा गुरुतेगबहादुर मार्ग से होती हुई फुब्बारा चौक, मालवीय चौक, रामस्वरूप रोड,संभल गेट , घंटाघर से होते हुए वापिस गुरुद्वारा पहुंचकर समाप्त हुई। वहीं शोभायात्रा में काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।








# उच्च प्राथमिक विद्यालय छजलैट सहित तीन विद्यालयों को नए शिक्षा सत्र में मिलेगा भवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नए शिक्षा सत्र में तीन परिषदीय विद्यालयों को भवन मिल जाएंगे' शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दावा किया है कि जिले में नए साल में बेहतर कार्य होंगे। साथ ही तीन विद्यालयों के बच्चों को अपना नया भवन मिल जाएगा। परिषदीय विद्यालयों की सूरत बदलने का लगातार प्रयास हो रहा है। इस बार जिले के तीन विद्यालय के बच्चों को अपना नया भवन मिल जाएगा। उच्च प्राथमिक विद्यालय छजलैट, उच्च प्राथमिक विद्यालय गक्खरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बथुआखेड़ा नए सत्र से अपने मूल भवन में संचालित होंगे। इन विद्यालयों का मूल भवन जर्जर होने के कारण यहां कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। इन विद्यालयों में करीब एक हजार से ज्यादा बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीएसए, विमलेश कुमार के अनुसार नए सत्र से भवन मिल जाएंगे।





# स्टाइलिश बॉडीकॉन आउटफिट पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर की हॉट फोटोज, अदाएं ऐसी की नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अक्सर अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स इंटरनेट पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया के जरिए फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। भूमि पेडनेकर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने बोट नेक आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती है तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में स्टाइलिश नजर आ रही हैं। वहीं, कातिल अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं भूमि पेडनेकर ने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई है।

अपने इस आउटफिट के साथ उन्होंने ब्लैक कलर की ज्वैलरी पहनी हुई है। वहीं, डार्क शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को बेहद शानदार तरीके से निखारा है।

# बॉक्स ऑफिस पर बेदम बेबी जॉन मंडे टेस्ट में चारों खाने चित, लगातार गिर रही वरुण धवन की फिल्म की कमाई

वरुण धवन की नई एक्शन फिल्म बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस फ्लॉप होती दिख रही है. एक हफ्ते से पहले ही फिल्म का कलेक्शन ग्राफ गिरता जा रहा है. एटली की निर्मित फिल्म ने पहले मंडे टेस्ट में खरी नहीं उतरी. इसने रिलीज के छठवें दिन सबसे कम कमाई है. यह बेबी जॉन का सबसे कम कलेक्शन किया है। कलीज की निर्देशित फिल्म बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस कुछ खास परफॉर्म नहीं कर रही है. इसने सिर्फ ओपनिंग डे पर डबल डिजिट में कमाई की. इसके बाद से इसका कलेक्शन का ग्राफ करते जा रहा है. ओपनिंग डे को छोड़कर इसने अब तक 5 करोड़ से भी कम कमाई की है. रिलीज के छठे दिन इसने सबसे कम कमाई की. सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने फर्स्ट मंडे टेस्ट में 1.85 करोड़ रुपये कमाए है, जो फिल्म की अब तक की सबसे कम कमाई है. 6 दिनों के बाद इसकी कुल कमाई 30.50 करोड़ रुपये हो गई है. बता दें बेबी जॉन विजय थलपति की तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है. इस फिल्म में विजय के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी अहम भूमिका में नजर आई थी. इसने 160 करोड़ रुपये से भी कम कमाई की थी. रीमेक ने ना सिर्फ फ्लॉप का दर्जा हासिल किया है, बल्कि इसका थेरी के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के करीब भी पहुंचना मुश्किल लग रहा है.




बेबी जॉन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 2 बड़ी फिल्मों पुष्पा 2 और शाहरुख खान की डबिंग फिल्म मुफासाः द लायन किंग से टकरा रही है. 5 दिसंबर को रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की एक्शन फिल्म पुष्पा 2 बीते 26 दिनों से बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. फिल्म ने जहां भारत में सभी भाषाओं में 1163.65 करोड़ रुपये कमाए है, वहीं हिंदी में 775 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. जबकि दुनियाभर में इसने 1760 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया है. ऐसे में पुष्पा की आंधी में बेबी जॉन अपने पैर जमाने में नाकाम होती दिख रही है।

# बेबी जॉन को निगल गई फिल्म मार्को, एक्शन में पुष्पा 2 ने भी टेके घुटने, ओटीटी से पहले बॉक्स ऑफिस पर पकड़ी चीते की रफ्तार

एक पुष्पा 2 की कमाई पर ब्रेक लगता नजर नहीं आ रहा था तो वहीं दूसरी ओर इस साल की एक और बिग बजट फिल्म बेबी जॉन बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। फिल्म से लोगों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म इन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। वरुण धवन स्टारर फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई। पहले ही वीकेंड तक पहुंचते-पहुंचते ही फिल्म का डिब्बा गुल हो गया। फिल्म को दर्शक नहीं मिल रहे। इसके दर्शकों पर न सिर्फ पुष्पा 2 बल्कि एक छोटे बजट की धांसू फिल्म ने डाका डाला है। अपनी दमदार कहानी और एक्शन के दम पर मार्को इससे काफी आगे निकल गई है। मार्को की कमाई भी ताबड़तोड़ तरीके से हो रही है। साउथ की इस फिल्म ने बेबी जॉन की कमर तोड़ दी है। साउथ में पहले ही अपने पैर पसार चुकी इस फिल्म ने अब उत्तर भारत में कब्जा जमाना शुरू कर दिया और हिंदी बेल्ट में भी लोग इसे देखने पहुंच रहे हैं।

30 करोड़ के बजट बजट में बनी मारको अपने बजट से ज्यादा की कमाई पहले ही कर चुकी है। 11 दिन में फिल्म ने भारत में 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। वहीं दुनिया भर में फिल्म की कमाई 68 करोड़ से भी ज्यादा है। मॉलीवुड की ये फिल्म अब बॉलीवुड की बेबी जॉन को काफी महंगी पड़ रही है। उन्नी मुकुंदन स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म मार्को बीती 20 दिसंबर को रिलीज हुई। उत्तर भारत में भी अब मार्को की मांग हो रही है। एक्टर उन्नी मुकुंदन ने अपने एक्स हैंडल पर बताया है कि हिंदी के लिए उनकी फिल्मों के 250 शोज और बढ़ गए हैं। ऐसा दर्शकों की डिमांड के चलते किया गया है।




मार्को सिनेमाघरों में धूम मचाने के बाद जल्द ओटीटी पर आएगी। कहा जा रहा है कि मेकर्स इसे कन्नड़, तमिल, मलयालम, तेलुगु और हिंदी में रिलीज करेंगे। फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। ये फिल्म 45 दिनों के थियेटर रन के बाद डिजिटल डेब्यू कर सकती है। इसके अनुसार ये फिल्म जनवरी के आखिरी हफ्ते या फरवरी के पहले हफ्ते में ओटीटी पर आ सकती है। बता दें, इस फिल्म का निर्देशन हनीफ अदेनी ने किया है और इसका निर्माण क्यूब्स एंटरटेनमेंट ने किया है। मार्को में उन्नी मुकुंदन, सिद्दीकी, जगदीश, सुदेव नायर और एंसन पॉल मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# फ्लॉप फिल्म के बावजूद छाईं वामिका गब्बी, बेबी जॉन से बनीं नई नेशनल क्रश और इंटरनेट सेंसेशन

हाल ही में रिलीज हुई वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन को लेकर उम्मीदें तो बड़ी थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने खास कमाल नहीं किया। जब ट्रेलर आया था, तब लगा था कि फिल्म बंपर कलेक्शन करेगी, लेकिन मेकर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। हालांकि, फिल्म भले ही फ्लॉप हो गई हो, लेकिन इसमें एक्ट्रेस वामिका गब्बी की चर्चा हर तरफ हो रही है।

वामिका गब्बी ने बेबी जॉन से बॉलीवुड में कदम रखा है और उनकी परफॉर्मेंस ने दर्शकों को दीवाना बना दिया है। वामिका को उनकी खूबसूरत आंखों और शानदार अदाकारी के लिए खूब तारीफ मिल रही है। यही वजह है कि उन्हें अब नई नेशनल क्रश कहा जा रहा है।



वामिका गब्बी इससे पहले तमिल, मलयालम और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। उन्होंने मलयालम फिल्म गोधा और तमिल फिल्म नेराथु मसक्कम से काफी पॉपुलैरिटी हासिल की थी। वामिका ने जब वी मेट में भी एक छोटा किरदार निभाया था।

सोशल मीडिया पर भी वामिका खूब एक्टिव रहती हैं और उनकी पोस्ट्स को फैंस का खूब प्यार मिलता है। वामिका की पॉपुलैरिटी बेबी जॉन के बाद और ज्यादा बढ़ गई है।

फिल्म का पहला वीकेंड अभी बाकी है और देखने वाली बात होगी कि वीकेंड पर फिल्म का कलेक्शन कैसा रहता है। हालांकि, अब तक फिल्म का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। बेबी जॉन के फ्लॉप होने के बावजूद वामिका गब्बी इस फिल्म की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं।

# क्या है नॉर्डिक वॉकिंग ? जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

नॉर्डिक वॉकिंग एक खास चलने की तकनीक है, जिसमें पोल्स का इस्तेमाल होता है। यह एक्सरसाइज पैरों के साथ पूरे शरीर को सक्रिय करता है।फिनलैंड में शुरू हुई यह तकनीक अब दुनिया भर में लोकप्रिय हो रही है। नॉर्डिक वॉकिंग हृदय की धड़कन बढ़ाकर और रक्त संचार सुधारकर हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानी जाती है।इसके अलावा यह जोड़ों पर कम दबाव डालती है, जिससे हर उम्र के लोग इसे आसानी से कर सकते हैं।



### नॉर्डिक वॉकिंग कैसे करें ?

नॉर्डिक वॉकिंग करते समय सही तकनीक का पालन करना जरूरी होता है।सबसे पहले पोल्स को शरीर के पास रखें और उन्हें हल्के झुकाव पर आगे की ओर धकेलें। चलते समय हाथों और पैरों का तालमेल बनाए रखें ताकि पूरा शरीर सक्रिय रहे। ध्यान दें कि आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए और कंधे आरामदायक स्थिति में हों।शुरूआत में धीमी गति से चलें और धीरे-धीरे अपनी गति बढ़ाएं ताकि आपका शरीर इस नई गतिविधि के साथ तालमेल बिठा सके।

### नॉर्डिक वॉकिंग के फायदे

नॉर्डिक वॉकिंग हृदय स्वास्थ्य को सुधार सकती है क्योंकि इससे हृदय की धड़कन तेज होती है और रक्त संचार बेहतर होता है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज कैलोरी जलाने में मदद करता है, जिससे वजन घटाने में सहायता मिल सकती है। नॉर्डिक वॉकिंग करने से मांसपेशियों की मजबूती भी बढ़ती हैं क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता हैं।साथ ही इस एक्सरसाइज से जोड़ों पर कम दबाव पड़ता हैं, जिससे इसे बुजुर्ग लोग भी आसानी से कर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

जब आप नॉर्डिक वॉकिंग शुरू करें तो कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है ताकि चोट से बचा जा सके।इसके लिए सही आकार के पोल्स का चयन करें, जो आपकी ऊंचाई के अनुसार हों। इससे संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। हमेशा सपाट सतह पर चलें जहां फिसलने का खतरा कम हो।अगर आप पहली बार इस एक्सरसाइज को कर रहे हैं तो किसी प्रशिक्षित व्यक्ति की सलाह लें। यह सुनिश्चित करेगा कि आप सही तकनीक अपनाएं और सुरक्षित रहें।

### अन्य एक्सरसाइज जोड़कर विविधता लाएं

अगर आप अपनी फिटनेस रूटीन में विविधता लाना चाहते हैं तो नॉर्डिक वॉकिंग के साथ कुछ अन्य एक्सरसाइज भी जोड़ सकते हैं।उदाहरण के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज जैसे योग या पाइलेट्स आपके मांसपेशियों को लचीला बनाएंगे।इसके अलावा हल्की दौड़ या साइक्लिंग जैसी कार्डियो एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके हृदय स्वास्थ्य को और बेहतर बनाएंगी।इन सभी एक्सरसाइज का संयोजन आपको एक संतुलित फिटनेस रूटीन प्रदान करेगा, जिससे आपका शारीरिक विकास होगा ।

# न्यू ईयर पर अपने प्रियजनों को दें ये खास तोहफे, खिल उठेगा चेहरा

नया साल हर किसी के जीवन में नई उम्मीदें, खुशियां, नए लक्ष्य जैसी कई चीजों को लेकर आता है। यही वह समय है जब हम अपने परिवार, दोस्तों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में नए साल पर अपनो को खास तरीके से विश करना और एक अच्छा तोहफा देना रिश्तों में मिठास का सबसे अच्छा तरीका है। आज हम आपको इस लेख में नए साल अपनों को गिफ्ट देने के लिए कुछ खास गिफ्ट के बारे में बताएंगे जिसे आप नए साल पर दे सकते हैं...



### इस खास तरीके से करें विश- डिजिटल कार्ड बनवाएं

आप नए साल के खास मौके पर एक डिजिटल न्यू ईयर कार्ड बनवा सकते हैं। इस कार्ड में उनके लिए आपकी शुभकामनाएं और कुछ मजेदार फोटोज शामिल कर लें।

### नए साल पर अपनों को दें ये खास तोहफे-

### डायरी

नया साल एक नई शुरूआत के साथ होता है। ऐसे में आप एक खूबसूरत डायरी अपनो को नए साल पर गिफ्ट कर सकते हैं। डायरी उपयोगी और प्रेरणादायक तोहफा हो सकता है।

### घर सजाने के समान

नए साल पर आप घर सजाने के लिए खूबसूरत कैंडल्स, वॉल हैंगिंग्स, या प्लांट्स अपनों को गिफ्ट कर सकते हैं। ये किसी को भी देने के लिए बेहद खास हो सकते हैं।

### ज्वेलरी

आप नए साल पर महिलाओं के लिए ज्वेलरी और पुरुषों के लिए वॉच या लेदर वॉलेट गिफ्ट करें। ये ज्यादा महंगे भी नहीं होते और आसानी से हर किसी को भी पसंद आ जाते हैं।

### कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स

नए साल पर आप आपनो को कस्टमाइज्ड मग, कुशन, फोटो फ्रेम, या पेन सेट गिफ्ट कर सकते हैं। इसपर नाम या कोई खास मैसेज प्रिंट करवा सकते हैं।

### हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स

सर्दियों के मौसम में फिटनेस और स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आप नए साल पर फिटनेस बैंड, ग्रीन टी किट, या स्पा सेट दे सकते हैं।

# सुरभि ज्योति की सीरीज गुनाह 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया टीजर आया सामने

सुरभि ज्योति और गश्मीर महाजनी की वेब सीरीज गुनाह के दूसरे सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा। गुनाह 2 का टीजर पहले ही सामने आ चुका है। आखिरकार अब इसकी रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। इसके साथ निमार्ताओं ने गुनाह 2 का नया टीजर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं।आइए बताते हैं इस सीरीज को आप कब और कहां देख पाएंगे।




गुनाह 2 का प्रीमियर आज 3 जनवरी, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने जा रहा है। निमार्ताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, प्यार ने शुरू की थी कहानी, लेकिन बदले ने लिखा इसका अंजाम।बता दें कि गुनाह के पहले सीजन को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह सीरीज 3 जून, 2024 को डिज्नी+ हॉस्टार पर रिलीज हुई थी। इसमें कुल 25 एपिसोड थे।इस सीरीज में अभिनेता जैन इबाद खान भी नजर आए थे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहुत की गयी। सीडीओ ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान मा0 प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के उच्च प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा जून 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से ही सफल बनाया जा सकता है, ऐसे में सभी विभाग अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए।सीडीओ ने अन्तर्विभागीय समन्वय से टीबी के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में जनसहभागिता के साथ ही स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। क्षय रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाते हुए पोषण पोटली का वितरण कराए जाने के साथ ही 100 दिवसीय अभियान में

**सीडीओ नं अन्तर्विभागीय समन्वय से जून 2025 तक जिले को टीबी मुक्त बनाने के दिए निर्देश**



वल्नरेबल पापुलेशन की शत-प्रतिशत स्क्रीनिग कराते हुए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जाँच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मा0 जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों को टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य टीमों का प्रशिक्षण अच्छे से करा दिया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी ग्राम प्रधानों को टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें।सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि जिले में 22 टीबी यूनिट, 37 बलगम जांच केन्द्र, 14 एक्सरे सुविधा केन्द्र, 13 ट्रूनॉट लैब एवं 04 सी0बी0नॉट लैब के साथ ही जेएन मेडिकल कॉलेज में जिला ड्रग रजिस्टेन्ट टी0बी0 केन्द्र संचालित हैं। उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों की पहचान के लिये आशा एवं एएनएम घर-घर जाकर लोगों को चिन्हित कर रही हैं।

स्वास्थ्य इकाइयों पर आधुनिक ट्रूनॉट मशीन स्थापित एवं संचालित है। जहाँ पर क्षय रोगियों के बलगम की जाँच निःशुल्क करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 दिन से अधिक बुखार के साथ खाँसी आ रही हो तो ऐसे व्यक्ति की जाँच बेहद जरूरी है। अस्पताल आने वाले रोगियों में लक्षणयुक्त व्यक्तियों की बलगम की जॉच अवश्य कराई जाए। उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि 15 दिन से अधिक बुखार के साथ खाँसी होने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी टीबी की जांच अवश्य कराएं यह पूर्णतः निःशुल्क है।

# राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय नहर कोठी के छात्रों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला कौशल गुण सीखे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** । राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी बरवाला के छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना साप्ताहिक शिविर के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला में जाकर कौशल गुण सीखे। वहां विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवाया गया। वहां विद्यार्थियों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के शिक्षकों से मशीनों से जुड़े एवं कौशल से जुड़े प्रश्न पूछे जिसका वहां के अध्यापकों ने बड़ी कुशलता एवं सरलता से उत्तर दिया जिस से विद्यार्थियों को एक प्रगतिदायक जानकारी मिली। उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जनकल्याणकारी विषय पर जागरूकता हेतु एक रैली बरवाला नगर में निकाली। उसके पश्चात एक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ शैलेंद्र दुहन, जिला चुनाव आइकन एवं हिन्दी प्रवक्ता सुमन सलूजा, बिमला, रोशनी, संतोष,पूजा इत्यादि छात्र एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नए साल पर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत : धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ (आरएनएस)।** योगी सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। मंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों का भी जिक्र किया।

प्रजापति ने कहा मैं सभी लोगों और सभी दर्शकों को 2025 के लिए हार्दिक नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। ये दिन सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का है। नए साल पर हमें नकारात्मक बातों को पीछे छोड़ देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष का पहला मास खास है। बोले, हमारे लिए साल का पहला महीना उत्साह से भरा हुआ है क्योंकि, प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ में लाखों-करोड़ों भक्त आएंगे। गत वर्ष भी हम लोगों के लिए साल का पहला महीना उत्साह भरा था। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। आने वाली 22 जनवरी को पूरा एक साल हो जाएगा। हम लोग उत्सव मनाने के लिए तैयार हैं।

मंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर भी विचार रखे। कहा, मैं महाकुंभ में सभी को आने का न्योता देता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर सप्ताह वहां जा रहे हैं और कुंभ की व्यवस्था को देख रहे हैं। कुंभ में आने वाले लोगों के लिए हर तरह से व्यवस्था की जा रही है। मेरी अपील है कि सभी लोग आएं और भव्य कुंभ के साक्षी बनें। बता दें, महाकुंभ में शामिल होने के लिए योगी सरकार द्वारा सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को न्योता भेजा जा रहा है। हाल ही में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इसका अपडेट सोशल पोस्ट के जरिए दिया था। कहा कि चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ शिष्टाचार भेंट कर प्रयागराज की पावन धरा पर आयोजित दिव्य व भव्य महाकुंभ 2025 में आगमन के लिए आमंत्रित किया।



# मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य विकास कार्यों को निश्चित समय में पूरा करना सुनिश्चित करें अधिकारी : डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि जींद विधानसभा में चल रहे सभी विकास कार्यो को समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग अभी तक किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट व जो कार्य चल रहे है तथा कितने समय में यह कार्य पूरे हो जाएंगे इसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द भिजवाए। शहर के सेक्टरों व वार्डों में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अनुसार सड़कों का निर्माण व रिपेयर, सीवरेज व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली की तारों को बदलने की व्यवस्था आदि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। अगर किसी स्तर पर कोई कोताही बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा वीरवार लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने जींद विस क्षेत्र के सभी अधिकारियों से परिचय किया और नववर्ष, मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जींद विधानसभा में जितने भी विकास कार्य चल रहे है या किए जाने है, उन विकास कार्यों को संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करे। अगर किसी विकास कार्य में किसी अन्य विभाग की तरफ से कोई पत्राचार किया जाना है या परमिशन ली जानी है तो संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ इस कार्य को शीघ्रता से निपटाए ताकि विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार जिले में बाईपास का निर्माण और शहर में सीसीटीवी लगाने का कार्य संबंधित विभाग के पास अभी तक लंबित पडा है। इस कार्य को संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ पूरा करे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी चौक , सड़कों, ग्रीन बेल्ट पर साफ-सफाई व उनकी सुंदर बनाने का कार्य करवाया जाए। इसके लिए चौक से संबंधित संस्था का सहयोग भी ले ताकि शहर को सुंदर और विकसित बनाया जा सके। जगमग योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा गांवों को कवर करने, रोड से ऊपर उठे सीवरेज मैनहोल को दुरुस्त करने, शहर में बंदरों को पकड़ने, पीएचसी, बस क्यू शैल्टर, बस स्टैंड पर पेयजल की व्यवस्था, मेन बाजार से बिजली, केबल व इंटरनेट से संबंधित तारों को व्यवस्थित करने, विभिन्न सेक्टरों के पार्कों में साफ-सफाई आदि कार्यों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा का आभार व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की विकास कार्यो से संबंधित सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा करे और शीघ्रता से रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि रिपोर्ट को सरकार को भिजवाया जा सके। इस मौके पर डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम सत्यवान मान, जिला परिषद सीईओ अनिल कुमार दून, नगराधीश आशीष देशवाल, जीएम रोडवेज राहुल जैन, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज आदि मौजूद थे।




# भारत देश में प्रमुख स्थानों पर संविधान सेल्फी प्वाइंट बनाने की मांग उठाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के प्रमुख स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने मांग पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि भारत सरकार के सभी विभागों के मुख्यालयों पर प्रदेश सभी विभागों के मुख्यालयों पर देश के सभी जिलों में जिला मुख्यालय, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत आदि के प्रमुख चौराहों पर भारत के संविधान की गरिमा को ध्यान रखते हुए संविधान चित्र का सेल्फी प्वाइंट बनाया जाये,

उन्होंने कहा कि भारत में जन्में आस्ट्रेलिया निवासी दीप चंडालिया के द्वारा इंटरनेशनल चंडालिया वाल्मीकिस संस्था के द्वारा हर घर संविधान की मुहिम संविधान चित्र भेंट कर चलाई जा रही है। भाजपा नेता वाल्मीकि ने मांग करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त विषय पर सम्बंधित मंत्रालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जाए।

**प्रधानमंत्री को भाजपा के वरिष्ठ नेता ने भेजा मांग पत्र**



# भारत विकाश परिषद सेवा शाखा डिबाई के तत्वाधान में दा साबरमती फिल्म का किया गया प्रसारण , दा साबरमती रिपोर्ट फिल्म देख भावुक हुए दर्शक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** नगर में स्थित डाक बंगला के पास भारत विकास परिषद सेवा शाखा डिबाई के तत्वाधान में दा साबरमती फिल्म का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का संचालन रवि सिन्हा ने किया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे दानपुर ब्लॉक प्रमुख पत्नी नेहा आनन्द व भारत विकास परिषद सेवा शाखा डिबाई के संरक्षक आनंद लोधी फिल्म को देखकर उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए इसके बाद दानपुर ब्लॉक प्रमुख की तरफ से सभी लोगों को सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में जलपान की व्यवस्था गई। इस मौके पर नये सदस्य डॉ गजेन्द्रपाल सिंह को सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर उपस्थित भारत विकास परिषद सेवा शाखा डिबाई के पदाधिकारी अध्यक्ष संगीता गुप्ता , उपाध्यक्ष के0 पी0 वर्मा , प्रांतीय अधिकारी व मार्गदर्शक कुमुदकिशोर भारतीय ,अध्यक्ष जितेन्द्र गांधी , महिला सहयोगिता दिव्या अग्रवाल ,हिमांशु आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।


# खुला पैट्रोल,डीजल बेचने पर होगी लाइसेंस निरस्त की कार्यवाही: एडीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में खुला पैट्रोल व डीजल बचने पर पंप का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी ने इस सम्बंध में सभी पंप संचालकों को पत्र भेजकर निरस्त किया है। आपको बता दें,कि उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूँ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रांगण में एक व्यक्ति द्वारा स्वयं को आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास करने की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि जनपद में संचालित पंप संचालकों द्वारा खुला पैट्रोल व डीजल बेचने पर पंप का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

इस सम्बंध में जिला पूर्ति अधिकारी सीमा बालियान ने पंप संचालकों को पत्र भेजकर निर्देशित किया है,कि उनके द्वारा खुला पैट्रोल व डीजल नहीं बेचा जाये,उनके द्वारा पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चैक किये जायेंगे। कि पंप पर खुला पैट्रोल व डीजल तो नहीं बेचा जा रहा है। खुला पैट्रोल व डीजल बेचने का प्रमाण मिलने पर पंप का लाइसेंस निरस्त करने के साथ-साथ वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी।

- **जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पंप संचालकों को पत्र भेजकर दिये निर्देश**
- **पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चैक किये जायेंगे:सीमा**





**आयोजन**

## छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अभिभावकों को किया मंत्रमुग्ध

# गुरुकुल महोत्सव निरन्तर वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** द गुरुकुल इंग्लिश स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज बर्रा दामोदर नगर के द्वारा गुरुकुल महोत्सव निरन्तर का आयोजन धूमधाम से आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रेम मिश्रा ने बताया कि परम पूज्य स्व श्री कृष्ण मिश्रा के द्वारा स्थापित किए गए वृक्ष के तले आज हजारों बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना कैरियर बना रहे हैं तथा परिवार विद्यालय सहित अपने जनपद प्रदेश देश का नाम रौशन कर रहे हैं। स्कूली छात्र छात्राओं ने गणेश वंदना से वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। चेयरमैन प्रेम मिश्रा के द्वारा एमएलसी अरुण पाठक एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण अंगवस्त्र सहित स्मृति चिन्ह देकर किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने स्कूली शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा की जड़ कड़वी है परंतु उसके फल मीठे हैं जितना कठिन संघर्ष होगा जीत भी उतनी ही शानदार होगी। आपके जीवन में जितने संघर्ष होगे आप उतने ही चमकदार प्रदर्शन कर सकेगे। एमएलसी अरुण पाठक ने सभी बच्चों से लगन लगाकर कड़ी मेहनत कर अपना उज्जवल भविष्य बनाने की बात कही। स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। चेयरमैन प्रेम मिश्रा एवं प्रधानाचार्या योग बाला दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि द गुरुकुल इंग्लिश स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज निरन्तर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को बनाने के लिए नित्य कड़ी मेहनत कर उनका बेहतर भविष्य बना रही हैं। कड़े परिश्रम के बदौलत ही प्रति वर्ष विद्यालय के छात्र छात्रा नगर में परीक्षा परिणामों में शत प्रतिशत अंक लाकर अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। बेहतर शिक्षा के कारण ही आज गुरुकुल स्कूल अपना नाम नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में स्थापित किए हुए है। इस मौके पर प्रधानाचार्या योग बाला दुबे राजकुमार मिश्रा अनिल कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडेय सहित काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।




# प्रो. कुदसिया तहसीन जूलॉजी विभाग की नई अध्यक्ष नियुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** अमुवि के जूलॉजी विभाग की प्रो कुदसिया तहसीन को 3 जनवरी, 2025 से तीन साल के लिए विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह 3 जनवरी को अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करेंगी।

प्रो तहसीन पिछले 35 वर्षों से शिक्षण और शोध कार्य में लगी हुई हैं। उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के उच्च समीक्षा वाली पत्रिकाओं में 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, युवा वैज्ञानिक पदक (1995), रोथमस्टेड अंतर्राष्ट्रीय फेलो (2003), इरास्मस मुंडस स्कॉलर (2010-11) की फैलोशिप सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उन्हें मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंटल बायोलॉजी, ट्यूबिंगन, जर्मनी द्वारा वित्त पोषित जर्मनी (2018) की यात्रा के लिए आईएनएस एण्ड डीएफजी द्विपक्षीय विनिमय कार्यक्रम के तहत भी चुना गया था।उन्होंने भारत में नेमाटोड विकास पर अग्रणी अध्ययन किए हैं, जबकि उनके पारिस्थितिक निष्कर्षों ने भूमिगत खाद्य वेब में बदलावों को समझने में मदद की है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267